YouTube Subscribe Amar Bhaskar News @amarbhashkarnews Amar bhashkar



हिन्दी दैनिक

# अमर भास्कर

ज़िद सच की

उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, मध्यप्रदेश, झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़ एवं उत्तराखंड में प्रसारित




सीएम योगी ने किया जल शोधन परियोजना का.......01

Email- amarbhashkar21@gmail.com, www.amarbhashkar.in

डीएम की अध्यक्षता में हुई सड़क सुरक्षा समिति की........03

वर्ष: 02 अंक: 169 | बदायूं, शनिवार 04 जनवरी 2024 | पृष्ठ- 08 | मूल्य- 4.00 रूपये

### शीर्ष अदालत का केन्द्र को निर्देश

## मेडिकल सीटें खाली नही रह सकतीं, संबंधित पक्षों से करें बात



**दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को मेडिकल सीटों को लेकर अहम टिप्पणी की। अदालत ने कहा कि मेडिकल कोर्स की सीटें खाली नहीं रह सकतीं। साथ ही केंद्र से कहा कि वह राज्यों सहित संबंधित पक्षों के साथ बैठक करे और इस मुद्दे पर गठित समिति की सिफारिशों पर विचार करे। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ इस मामले की सुनवाई कर रही है।

अप्रैल 2023 में, सुप्रीम कोर्ट ने मेडिकल कोर्स में सुपर स्पेशियलिटी सीटों के खाली रहने का मुद्दा उठाया था। उस समय केंद्र ने इस मुद्दे को सुलझाने के लिए स्वास्थ्य सेवाओं के महानिदेशक की अध्यक्षता में राज्यों और निजी मेडिकल कॉलेजों के प्रतिनिधियों सहित सभी हितधारकों की एक समिति गठित करने का प्रस्ताव रखा था।

केंद्र की ओर से उपस्थित वकील ने कहा कि संबंधित पक्षों की समिति गठित की जा चुकी है। उसने इस मुद्दे पर अपनी सिफारिशें दी हैं। उन्होंने कहा कि यह उचित होगा यदि केंद्र सभी पक्षों के साथ बैठक कर एक ठोस प्रस्ताव सामने लाए। इसके बाद, पीठ ने केंद्र को निर्देश दिया कि वह संबंधित पक्षों के साथ बैठक करे। अदालत ने तीन महीने के भीतर यह कार्य पूरा करने के लिए कहा और मामले को अप्रैल में अगली सुनवाई के लिए पोस्ट किया।

सुप्रीम कोर्ट ने 2023 में कहा था कि मामला बहुत ही निराशाजनक स्थिति को दर्शाता है क्योंकि 1,003 महत्वपूर्ण सुपर स्पेशियलिटी सीटें बेकार जा रही हैं क्योंकि इन सीटों के लिए कोई प्रवेश नहीं हो सकता। अदालत ने कहा था, एक तरफ जहां सुपर स्पेशियलिटी डॉक्टरों की हमेशा कमी रहती है, वहीं दूसरी ओर ये महत्वपूर्ण सीटें खाली रह जाती हैं।

## नक्सल एनकाउंटर में 3 नक्सली ढेर

**नई दिल्ली।** सुरक्षा बलों ने छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले के नक्सल प्रभावित सोरनामाल जंगल में तीन नक्सलियों का एनकाउंटर किया है। डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड ( डीआरजी ) और स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) की टीम ने नक्सलियों को चारों तरफ से घेर लिया था। इस नक्सल ऑपरेशन में छत्तीसगढ़-ओडिशा के करीकब 300 जवान मौके पर मौजूद रहे। मौके से शव और आटोमेटिक हथियार बरामद किये गये हैं। गरियाबंद एसपी निखिल राखेचा ने मुठभेड़ की पुष्टि की है। सुरक्षाबलों ने छत्तीसगढ़ और ओडिशा सीमा से लगे सोरनामाल जंगल में चक्रव्यूह बनाकर नक्सलियों को चारों तरफ से घेर लिया था। इससे नक्सली भाग नहीं पाये। मारे गए नक्सलियों की पहचान की जा रही है।

### पंजाब में फिर थम जाएंगे बसों के पहिए, एक नहीं तीन दिन तक चक्का जाम

## पीआरटीसी और पनबस यूनियन की हड़ताल



**चंडीगढ़।** पंजाब में बसों के पहिए फिर से थम जाएंगे। इससे लोगों का खासी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। अगर जो कोई भी छह जनवरी (सोमवार) से अगले तीन दिन तक बसों से यात्रा करने का प्लान बना रहे हैं वो अपनी योजना को स्थगित कर दें। क्योंकि पीआरटीसी और पनबस यूनियन ने छह जनवरी से चक्का जाम करने की चेतावनी दी है। इससे पहले 30 दिसंबर को भी पंजाब में वाहनों की आवाजाही थम गई थी। पंजाब बंद के चलते सरकारी, निजी और तमाम तरह की यातायात सेवा प्रभावित हुई थी। ऐसी स्थिति एकबार फिर से बन सकती है लंबे समय से सरकार से अपनी मांगों को मनवाने के लिए संघर्ष कर रहे पीआरटीसी और पनबस यूनियन ने आप सरकार से आर-पार की लड़ाई करने का मन बना लिया है। यूनियन नेता जोध सिंह ने कहा कि मुलाजिमों ने पहले रोडवेज डिपो पर हड़ताल करने का फैसला किया था, लेकिन राज्य स्तरीय यूनियन के आदेश पर अब 6 जनवरी से तीन दिन चक्का जाम करेंगे।

उन्होंने कहा कि मौजूदा समय की सरकार से वह अपनी मांगों को मनवाने के लिए प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन हर बार उन्हें आश्वासन देकर वापिस भेज दिया जाता है। इस बार पूरे सूबे में ही सरकारी बस सेवा 3 दिन के लिए बंद रखी जाएगी। इस संघर्ष के लिए वह पिछले महीने से ही राज्य भर के मंत्रियों को ज्ञापन दे चुके हैं। लेकिन सरकार ने उनकी जायज मांगों को नजरअंदाज किया।

प्रधान जोध सिंह ने कहा कि उनकी मुख्य मांगें आउटसोर्स के आधार पर कार्य कर रहे कर्मचारियों को पक्का करना, समान काम समान वेतन सिद्धांत लागू करना और ब्लैक लिस्ट किए कर्मचारियों को दोबारा ड्यूटी पर लिए जाने की मांग है।

### एक नजर

## जियो मैनेजर का अपहरण, मांगी 20 लाख की फिरौती

**हाथरस।** में जियो फाइबर के मैनेजर का अपहरण कर लिया गया है। बताया जा रहा है कि मैनेजर की रिहाई के लिए दिल्ली के कुख्यात टिल्लू ताजपुरिया के नाम से 20 लाख रुपये फिरोती के रूप में मांगे गए हैं। मैनेजर की पत्नी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मैनेजर की तलाश में जुटी है। हाथरस के नवल नगर निवासी स्वीटी भारद्वाज ने 2 जनवरी को हाथरस गेट थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। दर्ज रिपोर्ट के अनुसार 1 जनवरी को दोपहर 1 बजे घटना घटित हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्वीटी भारद्वाज के पति अभिनव भारद्वाज हाथरस में जियो फाइबर में मैनेजर हैं। वह 1 जनवरी को दोपहर 1 बजे सिकंदराराऊ में जाने की कह कर गए थे। देर रात तक वापस नहीं लौटे तो परिजनों ने तलाश शुरू की। अगले दिन 2 जनवरी को अभिनव भारद्वाज की पत्नी स्वीटी भारद्वाज ने हाथरस गेट थाने में पति के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई। मैनेजर अभिनव भारद्वाज के घरवाले मीडिया से बात करने को तैयार नहीं हैं।

## सीएम योगी ने किया जल शोधन परियोजना का शुभारंभ, कहा यह उर्वरता और जीवन को बचाने का कार्य



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को राप्ती नदी में गिरने वाले नालों के प्राकृतिक विधि से जल शोधन की 2 करोड़ 70 लाख रुपये की नगर निगम की परियोजना का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्राकृतिक विधि से जल शोधन से नदी की शुद्धि के साथ करोड़ों रुपये की बचत भी होगी। इसमें न तो बिजली का खर्च आएगा और न ही मेंटिनेंस का।

तकियाघाट पर आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखपुर में राप्ती नदी अविरल एवं निर्मल रहे, उसका जल स्वच्छ एवं सुदर रहे, इसके लिए जो प्रयास नगर निगम ने किया है वह सराहनीय है। यह बहुत बड़ा काम हुआ है। यह कार्य उर्वरता और जीवन को बचाने के लिए हुआ है। सीएम ने कहा कि महापुरूषों ने जल को जीवन माना है। प्रदूषित जल के कारण गोरखपुर के साथ पूर्वी उत्तर प्रदेश में 1977 से लेकर 2017 तक 50 हजार मासूम बच्चे इंसेफेलाइटिस एवं वेक्टरजनित बीमारियों के कारण काल के गाल में समा गए। विषाणुजनित बीमारियों से होने वाली मौतों का कारण प्रदूषित जल और गंदगी था। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से स्वच्छ भारत मिशन पूरे देश में लागू हुआ। हर व्यक्ति को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति के लिए शहरी क्षेत्र में अमृत मिशन और ग्रामीण क्षेत्र में जल जीवन मिशन प्रारंभ हुआ। हर घर नल योजना के माध्यम से घर-घर तक शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का कार्य किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज नमामि गंगे परियोजना के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से नदी संस्कृति को बचाने का कार्य प्रारम्भ किया गया है। आज उसका परिणाम है कि दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक व आध्यात्मिक समागम उत्तर प्रदेश की धरती प्रयागराज में मां गंगा है।

## नौकरशाही में बड़ा उलटफेर, देर रात 46 आईएएस अधिकारियों के ट्रांसफर

**लखनऊ।** योगी सरकार ने गुरुवार की देर रात 46 आईएएस अफसरों के तबादले किए हैं। उच्च स्तर पर अधिकारियों के दायित्वों में बड़ा बदलाव किया गया है। अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार से गृह का कार्यभार वापस लेकर एक बार फिर से प्रमुख सचिव संजय प्रसाद को दिया गया है। संजय प्रसाद से गृह विभाग का दायित्व चुनाव के दौरान आयोग के निर्देश पर वापस ले लिया गया था। तभी से यह माना जा रहा था कि उन्हें कभी भी यह चार्ज फिर से दिया जा सकता है। दीपक कुमार को वित्त व माध्यिमक शिक्षा के साथ बेसिक शिक्षा का दायित्व दिया गया है। वहीं डॉ. हरिओम पर उनके विभागीय मंत्री की नाराजगी भारी पड़ी और उन्हें समाज कल्याण विभाग से व्यावसायिक शिक्षा विभाग में भेजा गया है। दीपक कुमार अपर मुख्य सचिव वित्त, संस्थागत वित्त, वाह्य सहायतित परियोजनाएं, माध्यमिक शिक्षा, गृह गोपन, वीजा, पासपोर्ट तथा सतर्कता विभाग व वित्त आयुक्त से गृह गोपन, वीजा, पासपोर्ट तथा सतर्कता विभाग के प्रभार से मुक्त कर दिया गया है। उन्हें वित्त व माध्यमिक शिक्षा के साथ बेसिक शिक्षा का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

### बिगड़े हालात, स्थानीय लोगों ने किया विरोध

## जहरीले कचरे के विरोध में दो ने किया आत्मदाह का प्रयास, अनशन पर बैठे विधायक



**भोपाल।** गैस त्रासदी से जुड़ी यूनियन कार्बाइड फैक्टर के कचरे को लेकर पीथमपुर में जबरदस्त किच-किच चल रही है। ये कचरा पीथमपुर में नष्ट किया जाना है, लेकिन स्थानीय लोग इसका विरोध कर रहे हैं। पीथमपुर में हालत बहुत अधिक बिगड़ चुके हैं। दो लोगों ने आत्मदाह का प्रयास किया है। दोनों को गंभीर हालत में चोइथराम अस्पताल में भर्ती किया गया। पीथमपुर के हर गली मोहल्ले सड़क पर लोगों की भीड़ उतर आई है। मामले को लेकर पीथमपुर में सैलाना के विधायक कमलेश्वर डोडियार 24 घंटे के लिए अनशन पर बैठ गए हैं। डोडियार का कहना है कि 337 मैट्रिक टन जहरीले कचरे को यहां जलाने से लोगों को कैंसर होने का खतरा है। सरकार का रवैया ठीक नहीं है।

बता दें कि भोपाल से पीथमपुर में कचरा आने के बाद से प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की सांसें फूली हुई हैं। पुलिस, प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की समझाइश का जनता पर कोई असर पड़ता नजर नहीं आ रहा है। सभी संगठन, संस्थाएं एक मंच पर आकर इसका विरोध कर रही हैं।

पीथमपुर में लोगों के प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस ने चारों तरफ से आने-जाने के रास्ते बंद कर दिए हैं। इंदौर जाने का रास्ता पूरी तरह से बंद है। यहां लोगों को पीने का पानी भी नहीं मिल रहा है। खाने का सामान भी नहीं है। यहां की फैक्ट्रियों में काम करने वाले मजदूर परेशान हो रहे हैं। बंद को रहवासियों का पूरा साथ मिला है। हर जगह बंद का असर नजर आ रहा है। कोई भी सड़कों पर कारोबार करता नजर नहीं आ रहा। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि कचरा जलाना शुरू किया तो आंदोलन और भी भड़क जाएगा। इंदौर से कई संस्थाओं और सामाजिक संगठनों के लोग पीथमपुर गए हैं। बड़ी संख्या में इंदौर में भी लोग इसके खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

## केजरीवाल का भाजपा पर हमला, ये गरीबों के दुश्मन तोड़ रहे झुग्गियां



**दिल्ली।** विधानसभा चुनाव को लेकर राजधानी में राजनीतिक पारा बढ़ता जा रहा है। पहले जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली सरकार पर आरोप लगाते हुए आप को दिल्ली के लिए आपदा बताया। इसके कुछ देर बाद पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भाजपा पर हमला बोला।

केजरीवाल ने कहा कि भाजपा के पास दिल्ली में मुख्यमंत्री का चेहरा नहीं है। दिल्ली में कानून व्यवस्था बेहद खराब है। गृह मंत्री अमित शाह के पास टाइम ही नहीं है कि वह दिल्ली के बारे में सोचें। पीएम मोदी पर हमला करते हुए कहा कि आज प्रधानमंत्री ने दिल्ली में रैली की और उन्होंने दिल्ली वालों को और लोगों द्वारा चुनी हुई सरकार को केवल गाली देने का काम किया। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली की जनता ने 2015 में दो सरकार चुनी थी। केंद्र में भाजपा और दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार। तब से लेकर अब तक 10 साल हो गए। तब से हमने इतने काम किये कि मुझे बताने में कई घंटे लग जाएंगे। लेकिन केंद्र की सरकार ने एक भी काम नहीं किया जो प्रधानमंत्री बता सकें। इसलिए सिर्फ गालियां दीं। जो व्यक्ति काम करता है वो गालियां नहीं देता।

केजरीवाल ने 2020 के भाजपा संकल्प पत्र को दिखाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि 2022 तक दिल्ली में सब लोगों को पक्के मकान दे दिए जाएंगे। 2020 से लेकर अब तक प्रधानमंत्री ने केवल 1700 लोगों को चाबी दी। इससे पहले कालकाजी में 3000 हजार मकानों की चाबियां दी थीं। इसका मतलब केंद्र ने पांच साल में 4700 मकान बनाएं हैं। दिल्ली में 4 लाख झुग्गियां हैं 15 लाख लोगों को मकान चाहिए। इन्होंने पांच साल में 4700 मकान बनाए हैं। मुझे लगता है, इन्होंने 200 साल का संकल्प पत्र बनाया है।

केजरीवाल ने हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा ने दिल्ली में झुग्गियां तोड़ तोड़कर पिछले पांच साल में 2,78,796 लोगों को बेघर कर दिया। प्रधानमंत्री ने वादा किया था मकान देने का लेकिन उन्होंने धोखा दिया। इनके नेता जाते हैं और झुग्गियों में सोते हैं और कुछ दिनों बाद उन्ही झुग्गियों को तोड़कर उनके बच्चों को सड़क पर लाकर खड़ा कर देते हैं। ये गरीबों के दुश्मन हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अशोक विहार स्थित स्वाभिमान अपार्टमेंट में झुग्गी-झोपड़ी पुनर्वास परियोजना के तहत लाभार्थियों को फ्लैटों की चाबियां सौंपी और इससे पहले उन्होंने लाभार्थियों से बातचीत की। इसके बाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर चुनावी बिगुल फूंका। कार्यक्रम में बोलते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल का नाम लिए बिना उन पर जमकर हमला बोला। प्रधानमंत्री ने शीश महल, प्रदूषण, आबकारी नीति मामला और जल आपूर्ति को लेकर आप पर जमकर निशाना साधा। पीएम मोदी ने कहा कि मैं तो दिल्ली वालों को मुफ्त इलाज की सुविधा देने वाली आयुष्मान भारत योजना का लाभ देना चाहता हूं। आप-दा सरकार को दिल्ली वालों से बड़ी दुश्मनी है। पूरे देश में आयुष्मान योजना लागू है, लेकिन इस योजना को आप-दा वाले यहां (दिल्ली) लागू नहीं होने दे रहे। इसका नुकसान दिल्ली वालों को उठाना पड़ रहा है।




# डीएम की अध्यक्षता में हुई बैठक



**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में उत्तर प्रदेश राज्य संहिता 2006 की धारा 24, धारा 35, धारा 34,धारा 67, धारा 80, धारा 101, धारा 116 से संबंधित वादों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम धारा 24 की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने उन कानूनगों, नायब तहसीलदारों, तहसीलदारों, उप जिलाधिकारी को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि जिस स्तर पर भी धारा 24 के अंतर्गत सर्वाधिक पेंडेंसी है, उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

धारा 24 के अंतर्गत सर्वाधिक वादों की पेंडेंसी सिरसागंज और जसराना में देखने को मिली। यहां पर कार्यरत राजस्व निरिक्षक विनय, लटूरी सिंह और कुलदीप को जिलाधिकारी ने चार्ज शीट जारी करने के आदेश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि हर उप जिलाधिकारी यह सुनिश्चित कर ले, कि अपने स्तर से अपने अधीनस्थों की मॉनिटरिंग लगातार करते रहे, 6 महीने के अंदर लंबित केसेज का निपटारा अवश्य कर लें। धारा 33 की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि अभी हाल ही में इस धारा के संबंध में एक नया जीओ जारी हुआ है जिसका अध्ययन सभी उप जिलाधिकारी, नायब तहसीलदार कर ले, साथ ही उन्होंने कहा की धारा 35 के अंतर्गत यदि कोई केस डिफाल्टर पाया जाता है, तो उसके लिए तहसीलदार उत्तरदाई होंगे। इसी तरह धारा 34 की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने पाया की तहसील शिकोहाबाद में इस धारा के अंतर्गत वाद सबसे ज्यादा लंबित है, उन्होंने कहा कि अपने निस्तारण की गति बढ़ाएं, वरना कार्रवाई के लिए तैयार रहे हैं। उन्होंने नायब तहसीलदार जसराना को इसके लिए एडवर्स एंट्री देने की बात कही, उन्होंने कहा की धारा 34 में किसी भी हालत में समय ज्यादा नहीं लगना चाहिए।

इसके लिए योजना बनाएं और लक्ष्य निर्धारित करें, जिससे लंबित वादों का निस्तारण ससमय हो सके। धारा 80 के अंतर्गत वादों का ससमय निस्तारण नहीं करने के कारण उप जिलाधिकारी न्यायिक सिरसागंज एवं शिकोहाबाद को स्पष्टीकरण जारी करने के आदेश दिए, धारा 116 के अंतर्गत उन्होंने कहा कि इस मामले में सबसे खराब स्थिति उप जिलाधिकारी न्यायिक शिकोहाबाद की है वहां केवल 61 प्रतिशत वादों का निस्तारण हुआ है।

## हिकमतुल्लाह खान को दी मुबारकबाद

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**फिरोजाबाद।** मुजाहिद अमन कमेटी के सचिव मुकर्रम अली, कोषाध्यक्ष इसाक अली, समाजसेवी अमीर हसन, नाजिम कुरैशी, जामा मस्जिद के सेक्रेटरी सूफी जमील नासिर अबरारी शाहनवाज खान, ने शाल, साफा, माला और बुके देकर खुशी जाहिर करते हुए मुबारकबाद दी। और कल रात से ही सभी धर्मगुरु सामाजिक राजनीतिक दोस्तों साथियों शहर की आवाम ने फोन द्वारा फेसबुक व्हाट्सएप पर मुबारकबाद और दुआएं दी हिकमत उल्ला खान ने आईजी जोन आगरा दीपक कुमार जी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित जी, के साथ फिरोजाबाद के सभी धर्म के धर्म गुरुओं सामाजिक राजनीतिक दोस्तों साथियों और फिरोजाबाद की पूरी आवाम का शुक्रिया अदा किया।

# फरह ब्लॉक में विधायक ने लोगों को गर्म कंबल वितरण किए

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**फरह।** ब्लॉक में गुरुवार को भाजपा विधायक पूरन प्रकाश ने जरूरतमंद लोगों को गर्म कंबलों का वितरण किया। कार्यक्रम में भाजपा के कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बलदेव विधायक पूरन प्रकाश ने कहा कि आमजन की सेवा करना सबसे बड़ा पुनीत कार्य है। जरूरतमंद लोगों की मदद करने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। विधायक ने कहा सर्दी के मौसम में कई लोग ऐसे हैं जिनके पास गर्म कपड़े नहीं है। ऐसे लोगों की मदद करने के लिए पहले ही रणनीति बना ली गई थी। कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचे पूरन प्रकाश ने गरम कंबलों का वितरण किया। इस अवसर पर तहसीलदार सौरभ यादव, नायब तहसीलदार राकेश उपाध्याय, बीडीओ नेहा रावत, एडीओ आईएसबी डॉ विजय सारस्वत, राजेंद्र प्रधान, सुरेश तरकर, अनिल रावत डायरेक्टर डीसीएफ, एसएसआई सुभाष चंद, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी अमित कुमार, अशोक प्रधान, दशरथ प्रधान, हिम्मत सिंह प्रधान, लाल सिंह प्रधान आदि लोग मौजूद रहे।

# छह जनवरी को होगा भाकियू का धरना



**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**फिरोजाबाद।** शिकोहाबाद तहसील मे भारतीय किसान यूनियन भानु के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर भानु प्रताप सिंह जी के आदेशानुसार शिकोहाबाद तहसील परिसर के सुभाष तिराहा पुल के नीचे किसानों की समस्याओं को लेकर धरना विशाल महापंचायत तय की गई है। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर भानु प्रताप सिंह जी स्वयं उपस्थित रहेंगे इसलिए शिकोहाबाद के समस्त पदाधिकारियों को आना अति आवश्यक है। जय जवान जय किसान। राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर भानु प्रताप सिंह जी, योगेश यादव मुख्य सचिव जिला अध्यक्ष दीपक सोलंकी तहसील अध्यक्ष शहनवाज उर्फसानू वरिष्ठ पदाधिकारी अनवर पहलवान मौजूद रहेंगे।

## चोरी के माल के साथ चार लोग पकड़े

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**अलीगढ़।** थाना बरला पुलिस टीम द्वारा चार शातिर चोर गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी के इन्वर्टर-बैट्री, सामान बेचने से प्राप्त छह हजार आठ सौ रुपये व चोरी का अन्य सामान बरामद किया है। थाना बरला पुलिस टीम द्वारा वकील पुत्र रहमत निवासी शेरपुर थाना अनुपशहर जनपद बुलन्दशहर, फरमान पुत्र समसुददीन निवासी सतरापुर थाना छर्रा, राजुददीन पुत्र खैर मोहम्मद निवासी पीतमपुर थाना छतारी जनपद बुलन्दशहर, नबाब सिंह पुत्र रामचन्द्र सिंह निवासी सुखरावली थाना महुआखेडा को मय चोरी के माल को बेचकर प्राप्त कुल छह हजार आठ सौ रुपये व चोरी किये स्टार्टर के पुर्जे व ट्यूबैल की मोटर के कॉपर का अधजला तार व इन्वर्टर मय बैट्रा के साथ मदापुर भट्टे के पीछे वाले कच्चे रास्ते पर मदापुर पुलिया से गिरफ्तार किया गया है।

# विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे संस्कृति मंत्री

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह 03 जनवरी, 2025 से 05 जनवरी, 2025 तक आगरा, मैनपुरी, फिरोजाबाद, इटावा जनपदों के भ्रमण पर रहेंगे। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार पर्यटन मंत्री आज देर रात तक फिरोजाबाद पहुंचेगे।



अगले दिन 04 जनवरी को ट्रांजिट हास्टल पीडब्लूडी पुलिस लाइन के सामने मैनपुरी में जनसमस्याओं की सुनवाई करेंगे। इसके पश्चात ग्राम उरावल नगला खंगल तहसील सिरसागंज फिरोजाबाद में नवीन औद्योगिक आस्थान के विकास हेतु भूमि के समतलीकरण और बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य का शिलान्यास और भूमि पूजन करेंगे। इसके उपरान्त रात्रि 08 बजे प्रदर्शनी पंडाल इटावा में इटावा महोत्सव एवं प्रदर्शनी 2024-25 कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। मंत्री जी 05 जनवरी को पूर्वाहन 09:30 बजे से अपराह्न 01 बजे तक कैम्प कार्यालय सिरसागंज फिरोजाबाद में आमजनता की समस्याओं की सुनवाई करेंगे। इसके उपरान्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जनपद फिरोजाबाद के नवनिर्मित ब्लाक पब्लिक हेल्थ भवन का लोकार्पण एवं अल्ट्रासाउण्ड मशीन का शुभारम्भ करेंगे। इसके पश्चात जवाहर ज्योति अनुज पब्लिक स्कूल दक्षिणी मोहन सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद में श्री संजय शर्मा की बहन की 41वें जयंती एवं सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इसके उपरान्त अपराह्न 2:30 बजे इन्द्रपाल सिंह जी की मूर्ति के अनावरण एवं शांति हवन कार्यक्रम में शामिल होंगे। पर्यटन मंत्री सोमवार को पूर्वाहन 11 बजे सर्किट हाउस आगरा में एक बैठक में शामिल होंगे। इसके पूर्व पूर्वाहन 10 बजे सरस्वती विद्या मंदिर कमलानगर आगरा में विचार परिवार के साथ बैठक करेंगे। मंत्री जी जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक होगी।

जिसमें स्थानीय सांसद, विधायकगण, महापौर, जिला पंचायत अध्यक्ष तथा ब्लाक प्रमुख, नगर पालिका और नगर पंचायत अध्यक्ष शामिल होंगे। पर्यटन मंत्री दोपहर 12 बजे से अपराह्न 02 बजे तक आगरा में विभिन्न विकास कार्यों का आकस्मिक निरीक्षण करेंगे। इसके बाद सर्किट हाउस आगरा में विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा करेंगे। इसके पश्चात सर्किट हाउस के सभागार में प्रेस कान्फ्रेंस करेंगे। इस पत्रकार वार्ता के बाद लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगे।

## टेंट के गोदाम में आग लगने से हुआ नुकसान

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**अलीगढ़।** थाना बन्नादेवी क्षेत्र के टाइगर लॉक के पास टेंट हाउस के गोदाम में भीषण आग लगने से हड़कम्प मच गया। गोदाम से उठती आग की लपटों को देखते ही सूचना दमकल विभाग को दी गई। फायर ब्रिगेड की टीम ने पहुंचकर गोदाम में लगी आग को बुझाने का प्रयास किया। स्थानीय लोगों ने भी आग बुझाने में भरपूर सहयोग किया। आग इतनी भीषण थी कि गोदाम में रखा सामान जल कर राख हो गया। आग लगने की सूचना पर टेंट हाउस का मालिक पहुंचा। मालिक ने बताया कि उसका टेंट डेकोरेशन का गोदाम है। जिसका विवाद चल रहा है और मामला कोर्ट में विचाराधीन है। मालिक ने आस-पास के कुछ लोगों पर आरोप लगाया है।

# डीएम ने आरआरसी सेंटर का किया निरीक्षण

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**अलीगढ़।** जिलाधिकारी विशाख जी द्वारा शुक्रवार को विकास खण्ड जवां की ग्राम पंचायत छेरत सुड़ियाल का स्थलीय भ्रमण कर आरआरसी सेंटर का निरीक्षण करने के साथ ही डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण कार्यों का जायजा लिया गया। इस दौरान उन्होंने सेंटर में कार्यरत सफाई कर्मियों से कूड़ा पृथ्थकरण एवं उसके बाजार में विक्रय संबंधी जानकारी की।



उन्होंने पंचायत सेक्रेटरी एवं ग्राम प्रधान को आरआरसी सेंटर में दो अतिरिक्त सफाई कर्मियों की भी तैनाती करने के निर्देश दिए। निरीक्षण में पाया कि ग्राम में अब तक स्वच्छता शुल्क के रूप में लगभग 70 हजार रुपए की धनराशि एकत्र हुई है। एक कूड़ा संग्रहण वाहन के माध्यम से प्रतिदिन लगभग 205 घरों से कूड़ा संग्रहण का कार्य किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधान एवं पंचायत सेक्रेटरी को निर्देशित किया कि जमा धनराशि से एक और कूड़ा संग्रहण वाहन क्रय कर लिया जाए ताकि और अधिक परिवारों से कूड़ा संग्रहण किया जा सके। उन्होंने कहा के ग्राम पंचायत नगर निगम सीमा से सटी हुई है ऐसे में कचरे के निस्तारण के लिए नगर निगम से समन्वय स्थापित किया जाए। उन्होंने आरआरसी सेंटर को और अधिक प्रभावशाली बनाए जाने के निर्देश देते हुए कहा कि आरआरसी सेंटर को नियमित क्रियाशील रखा जाए ताकि ग्राम में दृश्यमान स्वच्छता स्थापित हो सके। निरीक्षण के दौरान सीडीओ प्रखर कुमार सिंह, एसडीएम कोल दिग्विजय सिंह, प्रभारी डीपीआरओ मोहम्मद राशिद उपस्थित रहे।

## सावित्रीबाई फुले को अर्पित की श्रद्धांजलि

**अलीगढ़।** अखिल भारतीय जाट आरक्षण संघर्ष समिति के जिला कार्यालय स्थित अलीगढ़ गोंडा रोड पींजरी पैंठ पर देश की पहली महिला टीचर व महिलाओं की स्थिति में सुधार लाने में अहम भूमिका निभाने वाली सावित्रीबाई फुले को याद कर श्रद्धांजलि दी गई। समिति के जिलाध्यक्ष व भारतीय किसान यूनियन टिकैत के मंडल प्रवक्ता चौधरी सत्यवीर सिंह सत्तो ने बताया कि यह दिन देश की महिलाओं के विकास की यात्रा में बेहद महत्वपूर्ण दिन है। भारत में महिला शिक्षा की अगुआ सावित्रीबाई फुले का जन्म हुआ था। आज ही के दिन 1831 में देश की पहली महिला टीचर सावित्रीबाई फुले का जन्म महाराष्ट्र के सतारा के नायगांव में एक किसान परिवार में हुआ था। सावित्रीबाई फुले ने भारतीय महिलाओं की स्थिति में सुधार लाने में अहम भूमिका निभाई।

# जापानी प्रतिनिधिमंडल ने एएमयू का किया दौरा

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**अलीगढ़।** टोक्यो विश्व विद्यालय के प्रोफेसर टोमोको मोरीकावा के नेतृत्व में एक जापानी प्रतिनिधिमंडल ने जापान सोसाइटी फॉर प्रमोशन ऑफ साइंस के तत्वावधान में जापानी सरकार द्वारा वित्त पोषित एक संयुक्त कार्यक्रम की संभावनाओं का पता लगाने और चर्चा करने के लिए अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग के उन्नत अध्ययन केंद्र का दौरा किया।



जापानी प्रतिनिधिमंडल के अन्य सदस्यों में टोक्यो विश्वविद्यालय के प्रोफेसर रयुतो शिमादा और टोक्यो के ओचनोमिजू विश्वविद्यालय के डॉ. नाओफुमी एबीई शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल के साथ बातचीत में एएमयू की कुलपति प्रोफेसर नईमा खातून ने एएमयू और जापानी विश्वविद्यालयों के बीच संयुक्त शैक्षणिक आदान-प्रदान कार्यक्रमों में हर संभव मदद का आश्वासन दिया। प्रोफेसर मोरिकावा विद्वानों के जापानी पक्ष का नेतृत्व करेंगे।

भारतीय विद्वानों का नेतृत्व करने वाले इतिहास विभाग के प्रोफेसर इशरत आलम ने बताया कि संयुक्त कार्यक्रम के तहत अगले तीन वर्षों में सेमिनार, सम्मेलन और पैनल चर्चाएं आयोजित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि प्रतिनिधिमंडल ने सेंटर ऑफ एडवांस्ड स्टडी के पुस्तकालय और मौलाना आजाद पुस्तकालय में स्त्रोतों के प्रभावशाली संग्रह को देखा।

# शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए पुलिस कर्मियों को लगवाई गयी दौड़



**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**फिरोजाबाद।** अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए टोलीवार करवाई गयी ड्रिल की कार्यवाही परेड के पश्चात महोदय द्वारा पुलिस लाइन की समस्त शाखाओं का निरीक्षण करते हुए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित द्वारा पुलिस लाइन में शुक्रवार परेड की सलामी ली गयी। तत्पश्चात महोदय द्वारा परेड में उपस्थित समस्त पुलिस कर्मियों को शारीरिक व मानसिक रुप से फिट रहने हेतु परेड ग्राउण्ड में दौड़ लगवाई गयी साथ ही टोलीवार पुलिसकर्मियों का टर्न आउट चौक करते हुए सम्पूर्ण ड्रिल की कार्यवाही करवाई गयी। परेड के पश्चात महोदय द्वारा पुलिस लाइन क्वार्टर गार्ड, लाइब्रेरी, कैंटीन, स्टोर, परिवहन शाखा, भोजनालय, आटाचक्की, बारबर शॉप, व्यायामशाला, पुलिसकर्मियों के बैरक साथ ही निर्माणाधीन बिल्डिंगों आदि का निरीक्षण किया गया एवं सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये। इस दौरान क्षेत्राधिकारी पुलिस लाइन शिकोहाबाद, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन फिरोजाबाद एवं अन्य अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## भागवत कथा में उमड़ी दर्शकों की भीड़

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**अलीगढ़।** अकराबाद नगर पंचायत पिलखना स्थित श्री जानकी बल्लभ बड़े मंदिर परिसर में कस्बा के श्रद्धालुओं द्वारा एक से नौ जनवरी तक श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन कराया जा रहा है। जिसमें शुक्रवार को कथा वाचक दिनेश कुमार शास्त्री ने भगवान श्री कृष्ण लीलाओं के साथ रुक्मिणी कथा का वर्णन किया। इस मौके पर आसपास के श्रद्धालु काफी संख्या में उपस्थित रहे। लोगों ने भागवत कथा सुनकर पुण्य लाभ कराया। भागवत में विनोद वार्ष्णेय, कमल शर्मा, वीरेश कुमार, प्रमोद कुमार, जुगेंद्र बाबा, यतेंद्र शर्मा, श्योराज सिंह, महेश चंद्र, पुनीत कश्यप, लेखपाल सिंह, तेजपाल सिंह, इंद्रपाल आदि सेवादार रहे।

# परीक्षाओं के चलते महानगर में धारा 163 लागू

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**अलीगढ़।** अपर जिला मजिस्ट्रेट नगर अमित कुमार भट्ट ने अवगत कराया है कि महानगर में 06 जनवरी को गुरू गोविन्द सिंह जयंती, 14 जनवरी को हजरत अली का जन्मदिवस, 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस, 26 फरवरी को महाशिवरात्रि, 13 से 15 मार्च तक होली का त्योहार एवं विभिन्न आयोग द्वारा समय-समय पर आयोजित विभिन्न परीक्षाओं के दृष्टिगत व अन्य संवेदनशील कारणों से आपातिक स्थिति है।



स्थानीय अभिसूचना एवं अन्य माध्यमों से यह ज्ञात हुआ है कि इस अवसर पर कतिपय असामाजिक तत्व जिले की शान्ति-व्यवस्था भंग करने की कुचेष्ठा कर सकते हैं, जिससे महानगर की शान्ति एवं कानून-व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की सम्भावना से इन्कार नहीं किया जा सकता है। ऐसी परिस्थिति में महानगर में शान्ति-व्यवस्था, कानून-व्यवस्था एवं साम्प्रदायिक सौहार्द बनाये रखने के लिये 17 मार्च 2025 तक धारा-163(4) भारतीय नागरिक सुरक्षा तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है। अपर जिला मजिस्ट्रेट नगर ने निर्देशित किया कि कोई भी व्यक्ति विधि विरुद्ध प्रयोजन के लिए किसी सार्वजनिक स्थान पर पाँच या पाँच से अधिक व्यक्तियों का समूह नहीं बनायेगा और ना ही ऐसे समूह में शामिल होगा। साथ ही इसके रेलवे स्टेशन व सिविल लाइन की तरफ शमशाद मार्केट व जमालपुर क्षेत्र के आस-पास एवं रेलवे रोड व मालगोदाम के आस-पास पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों का समूह रात्रि के समय अनावश्यक रूप से एकत्र नहीं होंगे। यह प्रतिबन्ध ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी पर लागू नहीं होगा। कोई भी व्यक्ति भांग या शराब या अन्य किसी मादक पदार्थ का सेवन कर उद्दण्डता नहीं करेगा और न नशे की हालत में सड़क या सार्वजनिक स्थल पर घूमेगा। कोई भी व्यक्ति अपने यहां अपराधी प्रवृत्ति का किरायेदार नहीं रखेगा।

यदि किसी विदेशी नागरिक को किरायेदार के रूप में रखेगा तो उसकी सूचना निकटतम पुलिस स्टेशन को अनिवार्य रूप से देगा। कोई भी व्यक्ति विभिन्न धर्मों, जातियों एवं सम्प्रदाय के मतावलम्बियों की धार्मिक अथवा जातीय भावनाओं को नहीं भड़कायेगा और न ही मन्दिर, मस्जिद, गिरजाघर, गुरुद्वारा या पूजा के अन्य स्थानों का प्रयोग भड़काऊ भाषणों हेतु करेगा। कोई भी व्यक्ति न तो ऐसे क्रियाकलाप करेगा और ना ही ऐसा करने के लिए किसी को प्रेरित दृकरेगा जो विभिन्न जाति, धर्म, भाषा के बीच पहले से विद्यमान तनाव एवं ईर्ष्या को और भड़काने का कार्य करें।

# डीएम की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेई सभागार में आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए आमजन को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए कहा। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सार्थक प्रयास करने के लिए कहा। लोक निर्माण विभाग द्वारा जनपद के 11 महत्वपूर्ण मार्गों पर जिसमें 17 चौराहे व 198 टी जंक्शन है वहां सुधारात्मक कार्य कराए जाएंगे, जिलाधिकारी ने इस कार्य के लिए टेंडर प्रक्रिया जल्द से जल्द पूर्ण कर प्राथमिकता पर कार्य प्रारंभ करने के लिए कहा।

जिलाधिकारी ने कहा कि गन्ने की बड़ी ट्रॉली पर अगर रिफ्लेक्टर आदि न लगा हो तो ऐसे वाहनों का चालान किया जाए। उन्होंने ०7 जनवरी से 31 जनवरी तक जनपद के विभिन्न माध्यमिक विद्यालयों में सड़क सुरक्षा से संबंधित कार्यक्रम करने के लिए कहा। उन्होंने शपथ, रंगोली व क्विज प्रतियोगिताएं भी करने के लिए कहा। एनसीसी, स्काउट गाइड तथा अन्य विद्यार्थियों के माध्यम से कार्यक्रम आयोजित कराए जाएंगे।

जिलाधिकारी ने पेट्रोल पंपों के प्रतिनिधियों से पेट्रोल पंपों पर शौचालय की समुचित साफ-सफाई कराने के लिए कहा तथा पेट्रोल पंप पर आने वाले ऐसे वाहन जिन पर रिफ्लेक्टर आदि नहीं लगे हैं उन पर रिफ्लेक्टर स्ट्रिप लगाने के लिए कहा साथ ही पेट्रोल पंपों पर यातायात नियमों से संबंधित स्लोगन लगाने के लिए कहा।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में ०1 जनवरी से 31 जनवरी तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया जाएगा तथा 6 जनवरी से 1० जनवरी तक सड़क सुरक्षा जन जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। वाहन चालकों के लिए दो बड़े मेडिकल कैंपों का आयोजन भी किया जाएगा जनपद स्तर पर रोड सेफ्टी एक्शन प्लान भी बनाया जाएगा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुई सैनिक बंधु की बैठक



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** जिला सैनिक बन्धु बैठक कलक्ट्रेट सभागार बदायूँ में जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। जिला सैनिक बन्धु बैठक में 19 पूर्व सैनिकों ने भाग लिया। आनरेरी सब ले० सतीश चन्द्र (अ०प्रा०) तथा जिला सैनिक कल्याण अधिकारी, बदायूँ ने राज्य एवं केन्द्र सरकारी द्वारा संचालित योजनाओं के सम्बन्ध में उपस्थित पूर्व सैनिकों को जानकारी प्रदान करने के साथ ही जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी द्वारा सैनिक के लम्बित प्रकरणों को निस्तारित कराने का अश्वासन दिया।

जिला सैनिक बन्धु बैठक का संचालन ले०कर्नल संदीप सिंह (अ०प्रा०) जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी बदायूँ ने किया। सर्वप्रथम पूर्व जिला सैनिक बन्धु बैठक में प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर हुई कार्यवाही से पूर्व सैनिकों को अवगत कराया गया। तदोपरान्त सैनिक बन्धु बैठक में प्राप्त प्रार्थना पत्रों को बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जिसमें तीन प्रार्थना पत्र शस्त्र लाइसेन्स को जनपद में दर्ज कराये जाने हेतु प्राप्त हुए।

जी०एफ०सी० कैन्टीन मैनेजर ने बताया कि अभी जिस जगह पर कैन्टीन चल रही है वह जगह रायफल क्लब की है और तत्कालीन जिलाधिकारी ने तीन वर्ष के लिए स्वीकृत किया है जिसके तीन वर्ष की अवधि फरवरी 2०25 में पूर्ण हो रही है। पांच या दस वर्ष यह अवधि और बढाने के लिए मांग की, जिसके सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने पत्रावली प्रस्तुत करने को कहा।

इस अवसर पर आनरेरी सब ले० सतीश चन्द्र (अ० प्रा०), सी०ओ० सिटी संजीव कुमार, डिप्टी सीएमओ डा० पवन कुमार सहित अन्य अधिकारीगण व विभागीय प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### ओटीएस योजना के तहत लगाया गया कैंप



**बिसौली।** विद्युत उपकेंद्र भानपुर से जुड़े गांव पुरोहित खेड़ा में अवर अभियंता महेश तोमर के नेतृत्व में शुक्रवार को एक मुश्त समाधान योजना के तहत कैंप का आयोजन किया गया। शिविर में उपभोक्ताओं के बिलों में किसी प्रकार की त्रुटि का मौके पर ही समाधान किया जा रहा है। शिविर का उद्देश्य बकायेदार उपभोक्ताओं से बकाया वसूलना और ओटीएस योजना के बारे में जागरूक करना था। इस दौरान गौरव सक्सेना, अभय सिंह, आलोक भटनागर, देवेंद्र, बिजेंदर, रूपेश, अर्जुन, चरण सिंह, पिंटू, छुन्नू, मुनेंद्र, इमरान आदि उपस्थित रहे।

### फाइनल जीत दि ऑस्कर पब्लिक हाई स्कूल ने दर्ज की



**बदायूं।** बहेड़ी स्टेडियम में विभिन्न खेलों का जनपद स्तर पर आयोजन किया गया जिसमें दि ऑस्कर पब्लिक स्कूल उसावां के बच्चों ने प्रतिभाग लिया जिसमें कबड्डी में महिला टिम ने फाइनल में जीत दर्ज की और ट्रॉफी अपने नाम की (लक्ष्मी, संध्या, प्रियंका, कोमल, मानसी, संजना, अंशिका, साक्षी, निर्दोषा,) तथा 1०० मीटर दौड़ में सुखवीर यादव ने ळवसक इसके अलावा अन्य कई प्रतियोगितायों में भी प्रतिभाग लेके जीत दर्ज की आपको बता दे कि दि ऑस्कर पब्लिक हाई स्कूल उसावां विकास खण्ड का एक मात्र पहला स्कूल है जो बच्चों के पढ़ाई के साथ-साथ खेल कूद के बड़े बड़े आयोजन भी करता है और उन्हें उच्च स्तरीय खेल प्रतियोगिता में भाग दिलाकर उनके उज्जवल भविष्य को बुलंदियों टक पहुँचाने का काम करता है।

### देर रात्रि चाय-बिस्कुट और कंबल वितरण किये



**बदायूं।** भारत विकास परिषद गौरीशंकर शाखा बदायूं की ओर से बीते दिन देर रात्रि दस बजे से एक बजे तक चाय बिस्कुट एवं कंबल वितरण रेलवे स्टेशन जिला चिकित्सालय एवं महिला चिकित्सालय में किया गया निम्न सदस्य सम्मिलित हुए वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनीष शिंघल, उपाध्यक्ष हरि कृष्ण वर्मा मैं० श्याम लाल के नाती की दुकान ज्वेलर्स शोरूम पता टिकट गंज बदायूं, देवेंद्र कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष रविंद्र उपाध्याय संजय उपाध्याय, चन्द्र प्रकाश गुप्ता संरक्षक, रचना शंखधार विशिष्ट सहयोग विशाल जी संघ के विभाग प्रचारक जी का मिला उनके लिए कोटि-कोटि धन्यवाद किया।

### चौथी बार हुई दोनों गांवों की जमीन की पैमाइश

**कछला।** सदर तहसील क्षेत्र के गांव चंदनपुर व ढकनगला की सीमा का सीमांकन चौथी बार बृहस्पतिवार को किया गया। ढकनगला और चंदनपुर में कटरी की जमीन का विवाद काफी समय से चला आ रहा है। ऐसे में नई टीम ने पैमाइश की, लेकिन पूर्व की पैमाइश में कोई परिवर्तन नहीं नजर आया। डीएम निधि श्रीवास्तव ने राजस्व विभाग की नई टीम का गठन कर पैमाइश कराई। बृहस्पतिवार को नए स्तर से दोनों गांव की सीमा का चिह्नीकरण किया गया। इसमें लेखपाल राजवीर चौधरी, प्रतीक यादव व राजस्व निरीक्षक वेदपाल सिंह, नायब तहसीलदार अमित कुमार तैनात रहे।

# समाजसेवी अंजार हारून की बालिदा के पुरसे में शामिल हुए वरिष्ठ पत्रकार हामिद अली खान



**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** मोहल्ला ऊपर पारा में शाम को समाज सेवी अंजार हारून की वालिदा का इंतकाल हो गया था जिसमें खिराजे अकीदत पेश करने पहुंचे वरिष्ठ पत्रकार हामिद अली खान राजपूत एवं इंतजार हुसैन पत्रकार उन्होंने अंजार हारून को ढांढस बंधाया कि वह हिम्मत से काम ले और परिवार को साथ लेकर चलें वालिदा की मगफिरत की दुआ की अल्लाह ताला उन्हें जन्नतुल फिरदौस में आला से आला मुकाम अता करें इस मौके पर दिल्ली के मशहूर डिबेट मौलाना सैयद असद अली जो तमाम टीवी चौनलों पर अपनी बातों से बेबाकी से उत्तर देते हैं पुणे से आए पवन खरारे पूर्व लेखपाल नेमत सईद खालिद युसूफ खान आसिम याहिया खान हाजिक खान तकसीर खान एवं अन्य मोहल्ले वासी उपस्थित रहे।

# स्काउट जंगलों में करते हैं सुव्यवस्थित तंबुओं का निर्माण: संजीव



**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** रामचंद्र शास्त्री मैमोरियल इंटर कालेज ककोड़ा में भारत स्काउट गाइड संस्था के तत्वावधान में चल रहे त्रिदिवसीय स्काउट प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन स्काउट गाइड ने खोज के चिन्हों के माध्यम से ऐतिहासिक, धार्मिक, आध्यात्मिक और स्थलों की हाईक की। इसके बाद सुप्रसिद्ध प्राचीन का ककोड़ देवी मंदिर पर पहुंची। बच्चों को प्राकृतिक आपदाओं में स्वयं को तैयार रखने, डूबते हुए को बचानें, आग में फंसे लोगों को निकालने के साथ जंगलों में तंबू निर्माण करने आदि की ट्रेनिंग दी गई।

मुख्य अतिथि विवेक द्विवेदी ने स्काउट ध्वज फहराया। उन्होंने कहा कि बच्चों में अथाह ताकत होती है। घबराते नहीं है। हर चुनौती का सामना कर आगे बढ़ते हैं।

पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि स्काउट खोजी और गाइड पथ प्रदर्शक होती है। जंगलों, पहाड़ों, कंदराओं में भी सुव्यवस्थित तंबुओं का निर्माण करते हैं। अपनी आत्मरक्षा और टोली की सुरक्षा करने के साथ भोजन भी तैयार करते हैं।

प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार जोशी ने शिविर का निरीक्षण किया और स्काउट गाइड को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। शिविर में स्काउट गाइड को गांठें-बंधन बनानें, डूबते हुए को बचानें, आग में फंसे लोगों को निकालनें, मरीज को ले जानें, स्ट्रेचर बनाने के साथ कम से कम संसाधनों में सुव्यवस्थित जीवन जीने और तंबू निर्माण की ट्रेनिंग दी। शिक्षक संजीव कुमार शर्मा, अमित कुमार, सत्यवीर और गौरव उपाध्याय ने टोलियों का निर्माण कराकर जिम्मेदारियां सौंपी। इस मौके पर राजकुमार, शिव कुमार, राजेंद्र, ऋतु शर्मा, पुरुषोत्तम, मोहन, अमन कुमार, अमित नगर, कमरुद्दीन आदि मौजूद रहे।

# खितौरा चेलेंजर्स ने 3० रन से फाइनल मुकाबला जीता



**अमर भास्कर, संवाददाता**

**उघैती।** थाना क्षेत्र कस्बा खितौरा के रविवार बाजार मैदान में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट खितौरा प्रीमियर लीग के फाइनल मुकाबले में खितौरा चौलेंजर्स ने खितौरा ब्लास्टर्स को 3० रन से हराकर ट्राफी अपने नाम की। 4 विकेट लेने वाले आकाश पूरी मैन ऑफद मैच बने।टॉस जीतकर खितौरा ब्लास्टर्स ने पहले बॉलिंग करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी चौलेंजर्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही। मात्र 4० रन पर दो विकेट खो दिए। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरे उज्जवल ठाकुर और शाह मोहम्मद ने पारी को संभाला। दोनों ने 49 रन की साझेदारी की। इसके बाद सूरज काश्यप और उज्जवल कुमार विल्लु ने धुआंधार बल्लेबाजी की और टीम का स्कोर निर्धारित 16 ओवर मे 113 पर पहुंचा दिया। ब्लास्टर्स की ओर से टिंकू पाल तीन व अमित भारद्वाज और अमित सिंह बाबू पाल ने दो- दो विकेट लिए । लक्ष्य का पीछा करने उतरी ब्लास्टर्स की टीम 15 ओवर में 83 रन बनाकर आल आउट हो गई।ब्लास्टर्स की तरफ से टिंकू पाल 21 (रन) को छोड़कर कोई भी खिलाड़ी दहाई का आंकड़ा पर नही कर सका। चौलेंजर्स की तरफसे आकाश पूरी ने चार व शाह मोहम्मद ,लोकेश कुमार उज्जवल कुमार विल्लु , ने दो दो विकेट लिए। उज्ज्वल प्रताप सिंह को टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। तनुज गुप्ता और शिवम सिंह व मंजीत सिंह अंपायर की भूमिका में रहे व रिंकू भारद्वाज व रिशू भारद्वाज ने कॉमेंटेटर की भूमिका निभाई।

# ईओ अनूप राय ने रैन बसेरों का किया निरीक्षण



**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बिसौली।** पिछले कई दिनों से कड़ाके की सर्दी के कारण जनजीवन पर बुरा असर पड़ रहा है। वही चौराहों पर व सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की हकीकत को देखने के लिए ईओ अनूप राय कर्मचारियों के साथ निकल पड़े। अलावों का निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान अलाव जलते पाए गए। वह खुद अलाव ताप रहे लोगों के साथ खड़े हुए और सर्दी में गर्मी का एहसास किया। उन्होंने लोगों से कहा कहीं कोई दिक्कत होने पर उन्हें तुरंत सूचित करें ताकि व्यवस्था कराई जा सके। इधर नगर पालिका द्वारा संचालित नेहरू पार्क स्थित रैन बसेरे का निरीक्षण ईओ अनूप राय ने किया। उन्होंने रैन बसेरे में रुकने वाले लोगों की संख्या व उन्हें दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में भी उपस्थित कर्मियों से आवश्यक जानकारी ली, वहीं रजिस्टर का मुआयना किया। शुक्रवार को ईओ अनूप राय ने रैन बसेरे का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कर्मचारियों को निर्देश दिया कि रुकने वाले लोगों से मधुर व्यवहार किया जाए। इस दौरान मशकूर खान, लिपिक राजीव कुमार, जितेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

# पौषबड़ा सर्वसमाज स्नेह मिलन कार्यक्रम 5 जनवरी की संध्या को होगा आयोजित

## कल आयोजित होगा धर्मिक फिल्म गीत संगीत कार्यक्रम



**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बीकानेर।** भीनासर निवासी समाज सेवी रामकिशन महाराज कोलासर वाले ने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी 5 जनवरी रविवार की संध्या को भीनासर स्थित चित्रा फैक्ट्री के पास मेरे निवास स्थान पर पौष बड़ा सर्वसमाज स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। जिसमें स्थानीय विधायक जेठानंद व्यास, ओबीसी भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चम्पालाल गेदर, बीकानेर दवा विक्रेता एसोसिएशन के सचिव किसन जोशी,पूर्व पार्षद सुनील बांठिया, पूर्व पार्षद डॉ मीना आसोपा, पूर्व पार्षद रामदयाल पंचारिया, राजस्थानी भाषा फिल्मों के निर्माता निर्देशक पूनम मोदी, बैंक कर्मचारी नेता सुनील दत्त नागल, बीजेपी नेता अनिल पाहुजा, बीजेपी देश्नोक नेता शांति देवी चौहान, समाज सेवी सुशील यादव, ऐडवोकेट भवानी सिंह तंवर,कमलकांत सोनी, रामकिशोर यादव, वरिष्ठ पत्रकार हेम शर्मा, नारायण बिहाणी, अनवर अजमेरी, बिरजू प्यारे, रविन्द्र जाजड़ा, हरि गोपाल उपाध्याय, इं.राजेश सांखला, समाज सेवी एनडी कादरी, सुरेश मदान, राजेन्द्र बोथरा, शाकिर हुसैन चौपदार, विजय शंकर गहलोत, पुखराज उपाध्याय, विमल देवड़ा, खनक देवड़ा, भवानी आचार्य, दिलीप गुप्ता,मोहन कडेला, मोहन थानवी, धीरज जोशी, मोहम्मद जब्बार, सैय्यद अख्तर सहित आदि मौजूद रहे।

# सांसद धर्मेन्द्र यादव और विधायक आशुतोष मौर्य को नोटिस

**बदायूं।** आजमगढ़ से समाजवादी पार्टी के सांसद व बदायूं के पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव और बिसौली से विधायक आशुतोष मौर्य आदि के मामलों में न्यायालय में दाखिल अपील स्वीकार हो गई है। सभी को न्यायालय में पेश होकर अपना पक्ष रखने का आदेश न्यायालय ने जारी किया है। दोनों मामलों की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीशध्विशेष न्यायालय एमपी एमएलए कोर्ट पूनम सिंह के यहां होगी। जारी नोटिस में धर्मेंद्र यादव के मामले में शनिवार चार जनवरी की तारीख लगी है। वहीं, आशुतोष मौर्य आदि के मामले में सुनवाई 16 जनवरी को होगी। बता दें साल 2०22 में विधानसभा के चुनाव के दौरान पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव सहित कई व्यक्तियों पर मुकद्मा पंजीकृत कराया गया था। आरोप था कि उन्होंने विधानसभा चुनाव में लाभ लेने के लिए उपहार बांटे थे। महामारी अधिनियम का उल्लंघन किया था। इस पर थाना सिविल लाइंस पर पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव सहित 29 लोगों पर केस पंजीकृत हुआ था। पुलिस ने इस मामले में आरोप पत्र भी न्यायालय में दाखिल किया, जहां उन सभी पर न्यायाधीश लीलू चौधरी के न्यायालय में विचारण हुआ। इसमें 28 जून 2०24 को धर्मेंद्र यादव सहित सभी आरोपी को दोषमुक्त करार दिया गया। दूसरे मामले में साल 2०22 में विधानसभा चुनाव की मतगणना के दौरान मंडी समिति पर कुछ अराजक तत्वों द्वारा उप जिला मजिस्ट्रेट बिसौली के सरकारी वाहन को रोकना तथा उनसे अभद्रता करने के मामले में सिविल लाइंस थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। इसमें विधायक आशुतोष मौर्य, हिमांशु यादव आशीष यादव, रचित गुप्ता, कैप्टन अर्जुन सिंह तथा काजी रिजवान के विरुद्ध पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया गया।

## संपादकीय

### सनातनता का अमृत पर्व




गंगा-यमुना और सरस्वती के संगम पर तीर्थराज प्रयाग में आयोजित होने वाला महाकुंभ धरती के किसी एक स्थल पर होने वाला मनुष्यों का सबसे बड़ा समागम है। भारत की एकात्मता, इसकी संगठन शक्ति, इसके सहभाव और सामंजस्य का अप्रतिम उदाहरण है महाकुंभ। इस महापर्व पर देश कठिन शीत में सुदूर स्थानों से संगम में कल्पवास करने, पर्व स्नान करने, अक्षय वट दर्शन और इस बहाने विराट रूप में प्रकट 'भारत-पुरुष' का साक्षात्कार करने चला आता है।

यह भारत-पुरुष अमृत-पुरुष है। इसका धर्म सनातन है। इसकी संस्कृति विश्ववारा है, वसुधा इसका कुटुंब है और विश्वमात्र का समुत्थान इसकी प्रतिज्ञा। महाकुंभ इसी अमृत-पुरुष भारत का विलक्षण प्राकट्य है। इस पर्व की पृष्ठभूमि देखने चलें तो, इतिहास-पुराण के अनेक प्राचीन पृष्ठ हमारे सम्मुख उभरते हैं। देवासुर-संग्राम, कद्रू-विनता का द्वंद्व और भगवान धन्वंतरि द्वारा प्रदत्त अमृत-कुंभ की प्राप्ति से संबद्ध अनेक रोचक कथाओं के अध्याय कुंभ की कथाओं में निहित हैं। वस्तुत: व्यष्टि के समष्टि में योजित हो जाने के असाधारण अनुभव की प्रयोगशाला है महाकुंभ। परिगणित काल-बोध के पूर्व से प्रवाहित त्रिवेणी में हमारे इतिहास-बोध के प्रेत मुक्त हो जाते हैं। अनगिनत पीढ़ियों के अविच्छिन प्रवाह की साक्षी गंगा, अपनी अबूझ कर्म-परंपरा की यमुना और गोत्रकार ऋषि से लेकर होनहार वंशजों तक अदृष्ट, किंतु अक्षुण्ण सरस्वती के सम्मुख अपने होने-न होने का तुच्छतर प्रमेय निरस्त हो जाता है। पितरों के तर्पण और पुत्र-पौत्रों के मंगल की प्रार्थना करती पीढ़ी पूर्वजों से वंशजों तक अपनी सनातन उपस्थिति को देख पाती है। पुत्रों के रूप में विद्यमान पिता, शिष्यों के रूप में विद्यमान गुरु और सहस्राब्दियों में इन सबको समेटे हुए महाकुंभ सनातनता का अमर उद्गीथ बनकर प्रकट होता है। प्रत्येक 12 वर्षों के अंतराल में होने वाला महापर्व उस तीर्थराज प्रयागराज में हो रहा है, जो गंगा-यमुना-सरस्वती का संगम है। यह हमारे धार्मिक-पौराणिक भूगोल की पवित्रतम भूमि होने के साथ ही हमारे आध्यात्मिक सांस्कृतिक-देशकाल-बोध का भी चिरंतन प्रमाण है। अपनी प्राचीनतम ऋषि परंपरा से अनुप्राणित भारत कुंभ में अपनी अविच्छिन्न परंपरा का दर्शन करता है। सभी परंपराओं के प्रमुख आचार्य, जगद्गुरु, महामंडलेश्वर और संत-महंत यहां एकत्र होते हैं। अपने पौराणिक माहात्म्य, आध्यात्मिक अनुभव, ऐतिहासिक गौरव, सांस्कृतिक दिव्यता और भौगोलिक भव्यता के साथ ही वर्ष 2०25 के महाकुंभ को एक अन्य विशेष योग प्राप्त हो रहा है। यह योग है भारत वर्ष की स्वाधीनता का अमृतकाल। अमृत लाभ के संकल्प से समन्वित यह महाकुंभ पर्व हमारी राष्ट्रीय चेतना को भारत-पुरुष की समग्रता में पहचानने का मणि-कांचन योग है। कुछ समय पहले देश ने अपने स्वातंर्त्य के 75 वर्ष पूर्ण करते हुए व्यापक अमृत महोत्सव मनाया है। यह हमारे महान राष्ट्र की अखंडता, संप्रभुता, शौर्य एवं समृद्धि को रेखांकित करने अवसर है। यह प्रथम महाकुंभ है जब श्रीरामलला अपनी जन्मभूमि पर नव निर्मित भव्य मंदिर में विराजमान हैं। यहां उन कुंभ पर्वों का स्मरण प्रासंगिक हो जाता है, जिनमें धर्म-संसद और विशाल समागमों के माध्यम से संतों, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ तथा विश्व हिंदू परिषद समेत अनेक संकल्पशील संगठनों ने श्रीरामजन्मभूमि के निर्माण हेतु विमर्श किए, अपनी प्रतिज्ञाएं दोहराईं, संगठित हुए और आगे बढ़े। महाकुंभ हमारी सांस्कृतिक अस्मिता का जीवंत स्मारक है। महाकुंभ ऐसे अवसर पर आयोजित होने जा रहा है, जब अनुच्छेद 37० की कुंठा हट चुकी है और भारत का मस्तक कहलाने वाला शिव-शारदा का केंद्र कश्मीर भारत की अखंडता एवं संप्रभुता का सहचर बन चुका है।

त्रिवेणी के जिस तट पर महाकुंभ आयोजित हो रहा है, उसी के तट पर त्रेता में धर्मविग्रह श्रीराम ने लोकमंगल हेतु अपनी वनयात्रा का स्वस्तिवाचन किया। इसके तट पर प्रेममूर्ति श्रीभरत ने पुरुषार्थ चतुष्टय का त्याग करते हुए भक्ति की याचना की। प्रयाग हमारी सांस्कृतिक अस्मिता का सनातन पीठ है। आज यदि हम पुन: इसको साधिकार प्रयागराज कह पा रहे हैं तो इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ धन्यवाद के पात्र हैं। उनकी अप्रतिहत ऊर्जा ने हमारे धार्मिक-सांस्कृतिक गौरव के प्रति हमारी आश्वस्ति को दृढ़तर किया है।


**अमर भास्कर**

( हिन्दी दैनिक समाचार पत्र )

- वरिष्ठ संरक्षक : वेदभानु आर्य
- संरक्षक : हामिद अली खाँ
- संरक्षक : सुरेश प्रसाद शर्मा
- प्रधान संपादक : फरीद क़ादरी
- संपादक : अबरार अहमद
- कानूनी सला. : मुहम्मद फुरकान, एड.
- व्यवस्थापक : ठा. वेदपाल सिंह
- मैनेजर : केपी यादव
- सह-संपादक : मोहम्म्द राशिद



हमारे यूट्यूब चैनल *Amar Bhaskar News* को सब्सक्राइब करें वैल आइकॉन दबाना न भूलें।

**-सर्वेश उपाध्याय, मैनेजिंग एडिटर***



अगर आपके पास भी है कोई कविता, रचना, लेख, गजल एवं छंद तो हमें लिख भेजिए, हमारा पता है:-

**अमर भास्कर कार्यालय**

**निकट होटल रिजेन्सी, लावेला चौक बदायूं ( उ.प्र. )।**

**पिन कोड-2436०1**

***Email- amarbhashkar21@gmail.com***

***Whatsapp. No. 9411214614***


# स्वास्थ्य केंद्रों की सेहत, सुधारनी होगी व्यवस्था



भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद यानी आईसीएमआर ने ग्राम स्तर के स्वास्थ्य केंद्रों में टीबी, एचआईवी, डेंगू, इंसेफ्लाइटिस, हेपेटाइटिस बी आदि रोगों की जांच की सुविधा उपलब्ध कराने का जो सुझाव दिया, वह केवल क्रियान्वित ही नहीं होना चाहिए, बल्कि यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि स्थानीय स्तर पर ही अधिक से अधिक रोगों की पहचान हो सके। यदि रोग की पहचान प्रारंभिक चरण में ही हो जाती है तो न केवल उसका उपचार आसान हो जाता है, बल्कि उसमें लगने वाले खर्च में कमी भी आती है। यदि रोगों की पहचान स्थानीय स्तर के स्वास्थ्य केंद्रों में हो सके तो शहरों के बड़े अस्पतालों में रोगियों की भीड़ भी कम करने में मदद मिल सकती है। नीति-नियंताओं को यह समझने की आवश्यकता है कि जितनी आवश्यकता आधुनिक सुविधाओं से लैस बड़े अस्पतालों का निर्माण करने की है, उतनी ही स्थानीय स्वास्थ्य केंद्रों को सक्षम बनाने की भी। चूंकि अभी प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में गंभीर रोगों की जांच की विश्वसनीय व्यवस्था नहीं है, इसलिए रोगियों को शहरों की दौड़ लगानी पड़ती है। इसमें समय और धन की बर्बादी होती है और कई बार उपचार में देर भी हो जाती है। इसके चलते रोगों के निदान में लंबा समय लगता है। यह अच्छा है कि आईसीएमआर ने ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्रों को उन्नत बनाने की पैरवी की, लेकिन उसे इससे परिचित होना चाहिए कि कस्बों और छोटे शहरों के स्वास्थ्य केंद्रों में भी रोग परीक्षण उपकरणों का अभाव दिखता है। कई बार ये उपकरण होते भी हैं तो काम नहीं कर रहे होते।

इसका एक कारण प्रशिक्षित मेडिकल कर्मियों का अभाव भी है। इसके चलते ही जिला अस्पतालों में रोगियों की भीड़ दिखती है। विडंबना यह है कि प्राय: वे भी समुचित मेडिकल उपकरणों से जूझते दिखते हैं। इसका संकेत आईसीएमआर के इस सुझाव से मिलता है कि जिला स्तर के अस्पतालों में सीटी स्कैन, एमआरआई, मैमोग्राफी आदि की सुविधा होनी चाहिए। इसका अर्थ है कि अभी ये सुविधाएं जिला अस्पतालों में नहीं हैं। शायद यही कारण है कि लोग मजबूरी में ही सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में जाते हैं। यदि स्वस्थ भारत के सपने को साकार करना है तो स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य केंद्रों को प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक सुविधाओं और प्रशिक्षित मेडिकल कर्मियों से लैस करना होगा। यह काम करने के साथ ही लोगों में सेहत के प्रति जागरूकता लाने के भी जतन करने होंगे। यह किसी से छिपा नहीं कि अपने देश में बीमारियों का एक बड़ा कारण सेहत के प्रति बरती जाने वाली लापरवाही है।

# अफगानिस्तान से त्रस्त पाकिस्तान, लगातार बिगड़ते जा रहे हालात

अफगानिस्तान-पाकिस्तान की सीमा पर इन दिनों फिर से तनाव पसरा हुआ है। सीमा पर हो रही हिंसक झड़पों में दर्जनों लोग मारे जा चुके हैं। ये झड़पें तब शुरू हुईं जब पिछले हफ्ते पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के भीतर हवाई हमले किए। तालिबान का कहना है कि इन हवाई हमलों में 46 लोग मारे गए, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी हैं।

पाकिस्तान का आरोप है कि अफग़ानिस्तान की तालिबान सरकार पाकिस्तान में आतंकी हमले करने वाले तहरीक ए तालिबान यानी टीटीपी को शह दे रही है और यह संगठन वहीं से पाकिस्तान में अपनी गतिविधियां संचालित करता है। पाकिस्तान का दावा है कि इन हमलों में उसने टीटीपी के ठिकानों को ही निशाना बनाया है। उसने यह भी कहा कि तालिबान सरकार से कई बार टीटीपी के आतंकी कैंपों पर कार्रवाई के अनुरोध पर भी कोई ध्यान नहीं दिया गया और अंततरू खुद पाकिस्तानी सेना को ही कार्रवाई करनी पड़ी और ये हमले किए गए। यह पाकिस्तान का ही सपना था कि एक दिन अफग़ानिस्तान में तालिबान का शासन आए और इसके लिए उसने हर चाल चली। यहां तक कि अमेरिका को भी लगभग दो दशकों तक धोखा दिया। अब काबुल में तालिबान सरकार है तो पाकिस्तान की उससे बन नहीं रही है, क्योंकि तालिबानी नेता पाकिस्तान के इशारों पर नाचने को तैयार नहीं हैं। पाकिस्तानी रणनीतिकारों ने अफगानिस्तान की राजनीति को समझने में एक मूलभूत गलती की। पाकिस्तान के निर्माण के बाद से अफग़ानिस्तान में राजशाही, सोवियत समर्थित कम्युनिस्ट सरकारें और तालिबान की इस्लामिक सरकारें रही हैं, लेकिन किसी ने भी अंग्रेजों द्वारा खींची गई डूरंड रेखा को मान्यता नहीं दी। डूरंड रेखा ही वर्तमान पाकिस्तान-अफग़ानिस्तान की सीमा है। इसे मान्यता न देने के पीछे कारण यह है कि यह रेखा पश्तून इलाकों को दो हिस्सों में बांटती है, जिसके चलते चार करोड़ पश्तूनों को पाकिस्तान के शासन में रहना पड़



रहा है। जबकि वे स्वाभाविक रूप से अफग़ानिस्तान से जुड़ाव महसूस करते हैं। इस कबीलाई भावना को दबाने के लिए ही पाकिस्तान ने इस्लामिक कट्टरवाद को हवा दी। अपने कब्जे वाले पश्तून इलाकों में सैंकड़ों मदरसे स्थापित कर पाकिस्तानी फौज ने ही तालिबान को खड़ा किया। 9ɛ11 के बाद पाकिस्तान ने तालिबानी नेताओं को पाकिस्तान में अपने संरक्षण में यह कहकर रखा कि वह उन्हें अमेरिका से बचाना चाहता है।

पाकिस्तान ने उनके जरिये अफग़ानिस्तान में अमेरिकी सेना पर हमले कराए और अमेरिकी दबाव पड़ने पर कई तालिबान नेताओं को डालरों के बदले अमेरिका के हवाले कर दिया, जहां उन्हें वर्षों तक ग्वांतानामो बे जेल में अमानवीय यातनाएं झेलनी पड़ीं। इसलिए तमाम तालिबानी मौलाना मन ही मन पाकिस्तानी जनरलों से नफ़रत करते हैं। ग्वांतानामो बे जेल में चार साल बिताने वाले ऐसे ही एक तालिबान नेता मुल्ला जईफने अपनी आत्मकथा 'माई लाइफ विद तालिबान' में पाकिस्तान को विश्वासघाती बताते हुए उसकी पोल खोली है। पाकिस्तान की धोखेबाजी को देखकर ही तालिबान ने अमेरिका से सीधा संपर्क साधा और अमेरिकी फौज एकाएक अफगानिस्तान को तालिबान के हवाले कर वहां से चली गई। इसके चलते पाकिस्तान का दोहरा खेल बंद हो गया और अमेरिका से आतंकवाद के विरुद्ध युद्ध के नाम पर आने वाले अरबों डालर के पैकेज बंद हो गए। इसके चलते अब पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति खस्ताहाल है। अब अफग़ानिस्तान में तालिबान की कट्टरपंथी इस्लामिक स्वयंभू सरकार है। तालिबान को लगता है कि असली इस्लाम तो वही जीते हैं और वे शरीयत के अनुसार चल रहे हैं। उन्हें लगता है कि अमेरिकियों के साथ शराब पीने वाले पाकिस्तानी जनरल इस्लामिक दृष्टिकोण से उनसे बहुत नीचे हैं। तालिबानी मौलानाओं को लगता है कि पाकिस्तानी जनरलों को उनके मार्गदर्शन में चलना चाहिए, न कि वे तालिबान को अपनी कठपुतली बनाने का प्रयास करें।

वे पड़ोसी ईरान के शिया कठमुल्ला शासन के सुन्नी रूपांतरण का सपना संजोए हैं, जिसमें एक इस्लामिक धर्मगुरु आयतुल्ला खामेनेई सर्वोच्च नेता हैं और सरकार से लेकर फौज तक उनका ही आदेश मानती है। टीटीपी के रूप में तालिबान के पास एक हथियार भी है, जिसके जरिये पाकिस्तान द्वारा उसे ब्लैकमेल करने या उस पर दबाव बनाने की स्थिति में वह पाकिस्तान की आंतरिक सुरक्षा को भी खतरे में डाल सकता है। तालिबान में पश्तून भी हैं, जो डूरंड रेखा को समाप्त कर पाकिस्तान के पश्तून बाहुल्य प्रदेश खैबर पख्तूनख्वा को अफग़ानिस्तान का हिस्सा बनता देखना चाहते हैं। यह वही क्षेत्र है जो भारत विभाजन के बाद पाकिस्तान को मिला था, लेकिन अफग़ानिस्तान का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुसार नया राष्ट्र बनने पर पिछली सरकार द्वारा की गई संधि समाप्त हो जाती है। इसलिए डूरंड रेखा को लेकर ब्रिटिश भारत और अफगानिस्तान के बीच हुई संधि पाकिस्तान बनने पर समाप्त हो चुकी है। पाकिस्तान इसे किसी हालत में स्वीकार नहीं कर सकता, क्योंकि ऐसा करने पर उसे खैबर पख्तूनख्वा से हाथ धोना पड़ेगा।

## खेल-खिलाड़ी

# ड्रामे से भरा रहा सिडनी टेस्ट का पहला दिन

**नई दिल्ली।** सिडनी टेस्ट का पहला दिन दर्शकों के लिए रोमांच से भरपूर रहा। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने इस मुकाबले में खुद को बाहर रखने का फैसला लिया तो वहीं, उनकी जगह आए शुभमन गिल कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके। शुक्रवार को स्निकोमीटर एक बार फिर विवादों में रहा। इस दौरान सैम कोंस्टास की जसप्रीत बुमराह से बहस भी हुई। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का पांचवां और आखिरी मुकाबला सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में खेला जा रहा है। इस मैच के लिए भारतीय टीम में दो बदलाव किए गए हैं। टेस्ट में नियमित कप्तान रोहित शर्मा की जगह शुभमन गिल और आकाश दीप की जगह प्रसिद्ध कृष्णा को मौका दिया गया है। उनकी जगह कप्तानी संभाल रहे जसप्रीत बुमराह ने बताया कि रोहित ने इस मैच के लिए आराम करने का फैसला लिया है और उन्होंने एक उदाहरण साबित किया है। हालांकि, रोहित ने एक अनचाहा रिकॉर्ड भी बनाया है। वह किसी द्विपक्षीय सीरीज के बीच में प्लेइंग-11 से ड्रॉप होने वाले भारत के पहले कप्तान हैं। इससे पहले कभी किसी भारतीय कप्तान को किसी भी सीरीज के बीच में टीम से ड्रॉप नहीं किया गया। भारत ने पहली पारी में 185



रन बनाए थे। भारतीय टीम 72.2 ओवर ही खेल सकी। टीम के लिए ऋषभ पंत ने सबसे ज्यादा 4० रन बनाए। इसके अलावा रवींद्र जडेजा ने 26 रन, कप्तान जसप्रीत बुमराह ने 22 रन, शुभमन गिल 2० रन, विराट कोहली 17 रन और यशस्वी जायसवाल 1० रन बना सके। इनके अलावा बाकी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सके। केएल राहुल चार रन, प्रसिद्ध कृष्णा तीन रन और मोहम्मद सिराज तीन रन बना सके। नीतीश रेड्डी खाता नहीं खोल सके।

यह घटना आठवें ओवर की है और कोहली पहली ही गेंद खेल रहे थे। उन्होंने स्कॉट बोलैंड की गेंद पर दूसरी स्लिप में शॉट खेला जहां स्मिथ खड़े थे। स्मिथ ने अपने दाहिनी ओर डाइव लगाकर कैच लपका और गली में गेंद उछाल दी जहां मार्नस लाबुशेन ने कैच पूरा किया। मैदानी अंपायर ने फैसला टीवी अंपायर जोएल विल्सन को सौंपा जिन्होंने बल्लेबाज के पक्ष में फैसला दिया क्योंकि रिप्ले में जाहिर था कि स्मिथ के हाथ लगने से पहले गेंद जमीन को छू रही थी।

इसके बाद कोहली और स्मिथ के बीच थोड़ी नोंकझोंक भी हुई। हालांकि, कोहली इस जीवनदान का फायदा नहीं उठा सके और महज 17 रन बनाकर स्कॉट बोलैंड की ऑफ स्टंप से बाहर जा रही गेंद पर कैच आउट हुए। यह घटना 37वें ओवर की है। पंत क्रीज पर मौजूद थे और मिचेल स्टार्क गेंदबाजी कर रहे थे। इस ओवर की दूसरी गेंद स्टार्क ने शॉर्ट लेंथ फेंकी, जिसकी रफ्तार 144.6 किमी प्रतिघंटा थी। इस दौरान पंत ने खुद को बचाने का प्रयास किया लेकिन गेंद उनके कान के हिस्से पर जा लगी। गनीमत यह रही कि पंत ने हेलमेट पहन रखा था। बाद में फिजियो और डॉक्टर ने मैदान पर पहुंचकर जांच की। इस तरह भारतीय बल्लेबाज बाल-बाल बचे।

# बुमराह-कोंस्टास की टक्कर से मैच हुआ रोमांचक, भारत से 176 रन पीछे ऑस्ट्रेलिया

**नई दिल्ली।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पहले दिन का खेल खत्म हो गया है। भारत ने पहली पारी में 185 रन बनाए थे। जवाब में स्टंप तक ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में एक विकेट गंवाकर नौ रन बना लिए हैं। दिन के खेल की अंतिम गेंद पर जसप्रीत बुमराह ने उस्मान ख्वाजा को केएल राहुल के हाथों कैच कराया। ख्वाजा के आउट होने के साथ ही स्टंप की घोषणा कर दी गई। वह दो रन बना सके। ऑस्ट्रेलिया की टीम फिलहाल 176 रन पीछे चल रही है। फिलहाल क्रीज पर सैम कोंस्टास सात रन बनाकर नाबाद हैं।




| सत्र | ओवर | रन बने | विकेट गिरे | रन रेट |
|---|---|---|---|---|
| पहला | 25 | 57 | 3 | 2.28 |
| दूसरा | 25 | 50 | 1 | 2.00 |
| तीसरा | 25,2 | 87 | 7 | 3.43 |

पहली पारी में सस्ते में आउट होने के बाद कोंस्टास और ख्वाजा ने ऑस्ट्रेलिया पारी का आगाज किया। कोंस्टास ने एक चौका लगाकर टीम को तेज शुरुआत देने की कोशिश की, लेकिन बुमराह ने ख्वाजा को आउट कर भारतीय कैंप को खुश होने का मौका दिया। ऑस्ट्रेलियाई पारी के तीसरे ओवर की पांचवीं गेंद के बाद बुमराह जैसी ही रन अप लेने लगे, तभी ख्वाजा ने रुकने का इशारा किया। ख्वाजा ने चाल चलते हुए खेल को धीमा करने की कोशिश की। बुमराह ने इसका विरोध किया, क्योंकि भारत ज्यादा से ज्यादा ओवर करना चाहता था। ख्वाजा के ऐसा करने से बुमराह नाखुश दिखे। इस पर नॉन स्ट्राइकर एंड पर खड़े कोंस्टास भड़क गए और उन्होंने बुमराह से कुछ कहा। इस पर बुमराह ने भी कोंस्टास को करारा जवाब दिया और उनकी ओर बढ़े। हालांकि, अंपायर ने बीच बचाव किया और दोनों को अलग किया। इसके बाद अगली ही गेंद पर बुमराह ने ख्वाजा को कैच आउट कर दिया। जैसे ही ख्वाजा आउट हुए। पूरी भारतीय टीम ने कोंस्टास को घेर लिया और एकसाथ चीयर किया। कोंस्टास चुप चाप वहां से चले गए। बुमराह भी विकेट लेने के बाद कोंस्टास की तरफ मुड़े लेकिन फ्रि चुप हो गए। इससे पहले, भारत की पहली पारी 185 रन पर सिमट गई थी। भारतीय टीम 72.2 ओवर ही खेल सकी। टीम के लिए ऋषभ पंत ने सबसे ज्यादा 4० रन बनाए। इसके अलावा रवींद्र जडेजा ने 26 रन, कप्तान जसप्रीत बुमराह ने 22 रन, शुभमन गिल 2० रन, विराट कोहली 17 रन और यशस्वी जायसवाल 1० रन बना सके। इनके अलावा बाकी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सके। केएल राहुल चार रन , प्रसिद्ध कृष्णा तीन रन और मोहम्मद सिराज तीन रन बना सके। नीतीश रेड्डी खाता नहीं खोल सके। ऑस्ट्रेलिया की ओर से स्कॉट बोलैंड ने चार विकेट झटके, जबकि मिचेल स्टार्क को तीन विकेट मिले।

## तीन दिवसीय प्रतियोगिता के दूसरे दिन खेलकूद क्रीडा का किया गया आयोजन

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**समल।** बहजोई के बड़े मैदान पर युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल जनपद संभल के तत्वाधान में उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के अंतर्गत सब जूनियर जूनियर एवं सीनियर बालक एवं बालिका वर्ग में जनपद स्तरीय तीन दिवसीय प्रतियोगिता के दूसरे दिन वालीबाल एवं फुटबॉल विद्या का आयोजन कराया गया प्रतियोगिता का आरंभ उप क्रीड़ा अधिकारी जनपद संभल प्रमिला भारती द्वारा फीता काटकर किया। प्रभारी जिला युवा कल्याण अधिकारी विनीत सिद्धू ने बताया कि



फुटबॉल के सब जूनियर वर्ग में ब्लॉक बहजोई की टीम प्रथम स्थान पर एवं बनिया खेड़ा की टीम द्वितीय स्थान पर रही वहीं जूनियर वर्ग में ब्लॉक बहजोई की टीम प्रथम स्थान पर एवं ब्लाक पवंसा की टीम द्वितीय स्थान पर रही और सीनियर वर्ग में ब्लॉक बहजोई कि टीम प्रथम स्थान पर एवं गुन्नौर की टीम द्वितीय स्थान पर रही, वॉलीबॉल खेल में जूनियर वर्ग में राजपुरा प्रथम एवं बहजोई द्वितीय स्थान पर रही।

सीनियर वर्ग में गुन्नौर प्रथम और बहजोई द्वितीय स्थान पर रही।

कार्यक्रम के अंत में जिला ग्राम उद्योग अधिकारी सत्यवीर सिंह चौहान द्वारा सभी विजेता खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र वितरण किया गया निर्णायकों की भूमिका में आज आशु शर्मा, अनिल कपूर, एकता भारती, तनिष्क सिंह, एकांश गुप्ता, गोविंद वशिष्ठ, सचिन शर्मा, ज्ञान सिंह, अजय गिल, अभिषेक दिक्षित रहे कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए स्टेनो सुनील कुमार, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी चित्रवीर सिंह, जगजीत सिंह, अनुज कुमार, संजू रानी, विभा आदि लोग मौजूद रहे।

## अधिवक्ता की हत्या करने वाले तीन शातिर बदमाशों को किया गिरफ्तार

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बहजोई।** थाना बहजोई क्षेत्र के अंतर्गत सुबह बहजोई बिजली घर के निकट चौकी कलैक्ट्रेट के पास ०2 अज्ञात अभियुक्तों द्वारा सत्यपाल सिंह (एडवोकेट) पुत्र प्रेमनारायन निवासी मौहल्ला सम्भल बाईपास रोड, निकट खाटूश्याम मन्दिर रेलवे क्रासिंग, कस्बा व थाना बहजोई जनपद सम्भल गोली मारकर हत्या कर दी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना बहजोई पर गणेश गिरी पुत्र नामालूम निवासी ग्राम पुरा थाना बहजोई जनपद सम्भल मधु पंडित पुत्र नामालूम लाखन सिंह पुत्र राम सिंह अतुल पुत्र लाखन सिंह निवासीगण थाना हरद्वागंज जिला अलगीद राजेश पुत्र रामगोपाल निवासी ग्राम



कनेटा निकट बहजोई थाना बहजोई जनपद सम्भल पंजीकृत कर विवेचना निरीक्षक पुष्पेन्द्र सिंह चौहान के सुपुर्द की गयी। जिसके अंतर्गत पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार एवं अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी सुश्री अनुकृति शर्मा के कुशल निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी डा० दीपक कुमार के कुशल नेतृत्व में उक्त घटना के अनावरण हेतु अलग अलग टीम गठित कर 15०० से भी अधिक कैमरे बहजोई से अलीगढ तक देखे गये।

अलीगढ़ में नगर निगम में लगे कैमरो की सहायता ली गयी। लगातार अलग अलग टीमो ने अभियुक्तो की तलाश में दबिश दी गयी। लगभग 15 दिन कठिन परिश्रम करके लगभग घटना के सम्बन्ध में काफी लोगों से पूछताछ व जानकारी कर वास्तविक अभियुक्तो का पता कर घटना का सफल अनावरण पुलिस, एसओजी व सर्विलांस टीम द्वारा किया गया। अथक परिश्रम करके घटना का सफल अनावरण किया गया तीनों शातिर बदमाशों लखन पुत्र राम सिंह निवासी कस्बा हरदुआगंज अलीगढ़ तथा सुशील पुत्र तालेवर सिंह ग्राम नगला मोनी थाना लोधा जनपद अलीगढ़ और प्रकाश पुत्र रामबाबू निवासी पुलिस चौकी जलालपुर के बराबर वाली गली थाना सरोवर जनपद अलीगढ़ को आलाकत्ल के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## जल विभाग के संविदा कर्मी ने आत्महत्या

**अमर भास्कर ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद में जल विभाग के संविदा कर्मी ने सुसाइड कर लिया। फंदे पर लटकने से पहले कश्मीर में रहने वाली अपनी बहन को फोन किया। कहां बहन मैं बहुत परेशान हूं मरने जा रहा हूं। इसके बाद कॉल कट करके फोन ऑफ कर लिया। युवक की मां उस समय बीएसएनएल ऑफिस में थी। बेटी शिल्पी ने फोन करके मां से कहां की तुरंत घर पहुंचे। अंकित ने कुछ कर लिया है मां ने पुलिस को फोन किया और बीएसएनएल कॉलोनी में अपने घर पहुंची दरवाजा अंदर से बंद था। मौके पर पहुंची पुलिस दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंची। यहां कमरे में अंकित का शव पंखे से फंदे के सहारे लटका हुआ था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम लिए भेजा। पुलिस को कमरे में एक सुसाइड नोट भी मिला है। मैं मयंक तिवारी पुत्र स्वर्गीय श्री श्रीकांत तिवारी अपने होशो हवास में यह सुसाइड नोट लिख रहा हूं. मैं बिना किसी दबाव के चलते अपनी मर्जी से सुसाइड कर रहा हूं। आज मैं पापा के पास जा रहा हूं। मैं चाहता हूं कि मेरे मरने के बाद मेरे शव को अयोध्या ले जाया जाए और मेरा अंतिम संस्कार वही किया जाए। मेरी मां बहुत प्यारी हैं। मेरे मरने के बाद मेरा सारा समान उन्हें दिया जाए। भैया दीदी और मां का ध्यान रखना आप बहुत अच्छे भैया हो। सुरक्षाकर्मियों को भी देखना चहिए कि हमेशा लड़के ही गलत नहीं होते उन्हें गलत बताया जाता है। मां ज्ञानलक्ष्मी ने बताया कि हम लोग मूल रूप से अयोध्या के रहने वाले है। बड़े बेटे अंकुर और बेटी शिल्पी की शादी हो चुकी है। अंकुर परिवार सहित अयोध्या में रहता है। शिल्पी अपने पति के साथ कश्मीर में रहती है। अंकित की अभी शादी नहीं हुई है वह पिछले 3 साल से संविदा पर जल विभाग में नौकरी कर रहा है। ऐसा नहीं है कि अंकित कहीं विवाद चल रहा हो। वह परेशान भी नहीं दिख रहा था। मेरे पास बेटी शिल्पी का फोन आया। उसके बाद में घर पहुंची क्या पता था यहां सब कुछ बर्बाद हो चुका होगा। पड़ोसी ने बताया ज्ञान लक्ष्मी के पति बीएसएनल में काम करते थे। 22 साल पहले उनका निधन हो गया। उसके बाद ज्ञान लक्ष्मी पति की जगह बीएसएनल में नौकरी करने लगी। इंस्पेक्टर सिविल लाइंस मनीष सक्सैना ने बताया कि पुलिस फॉरेंसिक टीम ने कमरे की जांच की है। शव को फंदे से उतारकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है सुसाइड की वजह अभी सामने नहीं आई है मामले की जांच की जा रही है।

## भारतीय मानव कल्याण समिति ने प्रथम शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की जयंती मनाई




**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**चन्दौसी।** भारतीय मानव कल्याण समिति के विनायक मार्ग स्थित कार्यालय पर देश की प्रथम शिक्षिका एवम समाजसेविका सावित्रीबाई फुले की जयंती पर डॉ सफिया अंजुम, महिमा वार्ष्णेय, बबिता गुप्ता, दुर्गेश्वरी महिला शिक्षकों को शॉल एवम फूल मालाओं से सम्मानित किया गया। समिति प्रबन्धक डॉ टीएस पाल ने कहा सावित्रीबाई एक कुशल लेखिका भी थीं और उन्होंने सामाजिक परिवर्तन की वकालत करने के लिए अपनी कलम का इस्तेमाल किया। उनके लेखन ने समाज के लिए एक चेतावनी का काम किया, जिससे उसे अपने पूर्वाग्रहों और भेदभावों का सामना करने का आग्रह किया गया।

उन्होंने शक्तिशाली कविताएं और लेख लिखे,जो महिलाओं की दुर्दशा और उत्पीड़ित लोगों द्वारा झेले जाने वाले अन्याय को उजागर करते थे।मुख्य अतिथि डॉ सफिया अंजुम ने कहा सावित्रीबाई फुले का जन्म 3 जनवरी 1831 में नायगांव महाराष्ट्र में हुआ। अल्प आयु 9 वर्ष में शादी हुई और वर्ष 1848 में सावित्रीबाई और उनके पति ज्योतिराव फुले ने पुणे में लड़कियों के लिए पहला स्कूल शुरू किया था। यह एक क्रांतिकारी कदम था, क्योंकि उस समय लड़कियों की शिक्षा को अक्सर नजरअंदाज किया जाता था।

विशिष्ट अतिथि महिमा वार्ष्णेय ने कहा अनेक चुनौतियों के बावजूद, उनका समर्पण अटूट रहा। उनका दृढ़ विश्वास था कि शिक्षा सशक्तिकरण की कुंजी है और हर लड़की को सीखने का अवसर मिलना चाहिए। लड़कियों की शिक्षा में अपने काम के लिए सावित्रीबाई को बहुत विरोध और दुश्मनी का सामना करना पड़ा। कार्यक्रम की अध्यक्षता बबिता गुप्ता ने तथा सचांलन रंजना वार्ष्णेय ने किया। इस दौरान आकाश कुमार शर्मा, बीना वार्ष्णेय, डॉ राजकुमार गोयल, डॉ जयशंकर दुबे, एड हरीश कठेरिया, मुनीश वार्ष्णेय, सूर्यजीत सिंह, डॉ डीके अग्निहोत्री, विपिन बालाजी, संजय सैनी, राधिका, दिविशा आदि उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### महाकुंभ स्पेशल ट्रेनों के लिए टिकटों की बुकिंग शुरू



**देहरादून।** जिले से चलने वाली महाकुंभ स्पेशल ट्रेनों के लिए टिकट की बुकिंग शुरू हो गई है। अब श्रद्धालु सभी श्रेणी के कोच के लिए अपने टिकट बुक कर सकेंगे। ०4316 नंबर ट्रेन देहरादून से यात्रियों को प्रयागराज लेकर जाएगी और ०4315 नंबर ट्रेन प्रयागराज से वापस लेकर आएगी। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में 13 जनवरी से महाकुंभ की शुरूआत हो रही है। इसके लिए देहरादून से प्रयागराज के फाफामऊ स्टेशन तक दो स्पेशल ट्रेनों की शुरूआत की गई है।

इसमें से एक ट्रेन देहरादून से श्रद्धालुओं को लेकर जाएगी। जबकि दूसरी ट्रेन प्रयागराज से श्रद्धालुओं को वापस देहरादून लेकर आएगी। इस पर देहरादून रेलवे स्टेशन के वाणिज्यिक प्रबंधन निरीक्षक एसके अग्रवाल ने बताया कि ट्रेन सुबह 8:1० बजे देहरादून से रवाना होगी। इसके बाद रात 11:3० बजे फाफामऊ पहुंचेगी।

### तेंदुए को तेज रफ्तार बाइक ने मारी टक्कर तेंदुए और युवक की मौत

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिले में गुरुवार देर रात सड़क पार कर रहा एक तेंदुआ तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आकर गंभीर रूप से जख्मी हो गया। तेंदुए ने मौके पर दम तोड़ दिया हादसे में बाइक सवार युवक भी गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के दौरान युवक की भी मौत हो गई। घटना मुरादाबाद के ठाकुरद्वारा थाना क्षेत्र के के गांव सुल्तानपुर के पास हुई। यह गांव के बाहर लिंक रोड पर एक बाइक सवार युवक गंभीर रुप से घायल अवस्था में पड़ा मिला था युवक के मुंह से खून निकल रहा था। चंद कदमों की दूरी पर एक तेंदुए की भी लाश पड़ी मिली। गांव के लोगों ने युवक की लाश और तेंदुए का शव को पढ़ा देखा तो हडकंप मच गया तुरंत पुलिस को सूचना दी गई पुलिस ने युवक को अस्पताल भिजवाया घायलय युवक का नाम साजि था। वह भोजपुर थाना क्षेत्र के ठीकरी गांव का रहने वाला था। ठाकुरद्वारा सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद परिजन उसे काशपुर ले गए जहां उसे हायर सेंटर मुरादाबाद के लिए रेफर कर दिया गया।

### बीच सड़क पर लुटेरों का कहर

**मुरादाबाद।** गुरुवार को दिनदहाड़े लुटेरों ने एक लकड़ी व्यापारी से 1० लख रुपए से भरा बैग लूटने की कोशिश की लुटेरों ने एक होटल पर खाना खा रहे लकड़ी व्यापारी से तमंचे के बल पर रूपयों से भरा बैग छीनने की कोशिश की। विरोध करने पर व्यापारी के सिर में तमंचे की बट मार के घायल कर दिया घटना मुरादाबाद के ठाकुरद्वारा कोतवाली क्षेत्र में माहम होटल पर हुई। यहां होटल पर खाना खा रहे हैं लकड़ी व्यापारी से रुपयों से भरा बैग लूटने की कोशिश की। व्यापारी मोहम्मद शहजाद ने बताया कि वह अपने साथी के साथ उत्तराखंड के जसपुर में किसानों को पैसे बांटने आया था। दोपहर में लगभग 2:3० बजे के करीब जब वह ठाकुरद्वारा-काशीपुर मार्ग पर धोबियान मस्जिद के पास स्थित माहम होटल में खाना खाने गया तो पीछे से तीन बदमाश हाथ में हथियार लहराते हुए उसके पीछे आ गए और व्यापारी के हाथ से 1० लाख रुपए से भरा बैग छीनने की कोशिश करने लगे। लुटेरों से व्यापारी भीड़ गया। व्यापारी और लुटेरे के बीच हुई हाथापाई की वजह से बदमाश व्यापारी से रुपए से भरा ना छीन सके।

## पुलिस की मुठभेड़ में बदमाश के पैर में लगी लोगी, दो बदमाश मौके पर गिरफ्तार

**अमर भास्कर ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** एसपी ग्रामीण कुंवर आकाश ने मीडिया को बताया कि गुरुवार को आधी रात को पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ गौकश गोकशी करने निकले हैं। इस सूचना के आधार पर मैनाठेर पुलिस और एसओजी की टीम ने इन बदमाशों की तलाश में अभियान शुरू किया। मैनाठेर एरिया में पुलिस ने बदमाशों को घेरा तो उन्होंने पुलिस पर गोली चला दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दो बदमाशों के पैर में गोली लगी है एसपी का कहना है की गोली लगने से घायल बदमाश का नाम



अकरम निवासी कुंदरकी और अमरोहा जिले के सैद नंगली निवासी राहत उर्फबिल्ला है। दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है पुलिस ने दोनों के कब्जे से दो अवैध तमंचे, कारतूस और पशुओं को काटने के उपकरण बरामद किए हैं। पुलिस का कहना है कि दोनों पहले भी कई बार पशुओं के कटान में पकड़े गए हैं। पुलिस इलाज करने के बद पकड़े गए दोनों को बदमाशों को कोर्ट में पेश करेगी।

## भुंडा महायज्ञ शुरू अब होगी शिखा पूजन

**शिमला।** देवताओं के आगमन के साथ स्पैल वैली के देवता बकरालू के मंदिर में ऐतिहासिक भूंडा महायज्ञ शुरू हो गया। 4० साल बाद आयोजित किए जा रहे भूंडा महायज्ञ के लिए वीरवार को देवता मोहरिश, देवता महेश्वर और बौंद्रा देवता अपने हजारों देवलुओं के साथ देवता बकरालू के मंदिर पहुंचे। ढोल, नगाड़ों और रणसिंगों की धुनों के बीच देवलु अपने-अपने देवताओं के साथ मंदिर पहुंचे। इसके साथ ही आम लोग भी महायज्ञ के लिए स्पैल वैली पहुंचने लगे हैं। महायज्ञ में करीब एक लाख लोग जुटेंगे। देव आगमन के बाद शुक्रवार को दूसरे दिन यहां शिखा पूजन और फेर रस्म होगी। शिखा



पूजन में देवता बकरालू के नए मंदिर की छत पर चारों दिशाओं की पूजा अर्चना होगी।

देवता रक्षा सूत्र बांधेंगे। शनिवार को महायज्ञ की मुख्य रस्म बेड़ा की निभाई जाएगी। इसमें बेड़ा यानि विशेष व्यक्ति मूंजी (घास) से बने करीब 1०० मीटर लंबे रस्से पर लकड़ी की काठी पर फिसलकर एक छोर से दूसरे छोर पर पहुंचेंगे। शुक्रवार को शिखा पूजन और फेर रस्म के दौरान मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह और लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह भी मंदिर में मौजूद रहेगें। भूंडा महायज्ञ के लिए अपने देवताओं के साथ पहुंचे हर व्यक्ति के हाथ में डंडे, तलवारें समेत अन्य हथियार लहरा रहे थे। हर कदम पर पटाखे फोड़े गए।

अपने-अपने देवताओं के जयकारों के साथ खूंद पारंपरिक वेशभूषा में नृत्य करते हुए देवता बकरालू के मंदिर पहुंचे। उसके बाद अपनी-अपनी जगहों की ओर रवाना हुए। देवताओं और देवलुओं के लिए तंबू लगाए गए हैं, जहां पर वे महायज्ञ खत्म होने तक रुकेंगे। दलगांव में देवताओं के खूंदों के लिए लगाए गए तंबुओं के बाहर शाम होते ही लावा जलना शुरू हुआ। ठंड की परवाह किए बिना देवलु तंबुओं के बाहर झूमते रहे। रात भर यहां नाटियों का दौर चला। देवलुओं के लिए संयुक्त लंगर की व्यवस्था की गई है।

## भारी मतों से जिताने को कांग्रेस कार्यकर्ताओं का जोश बुलंदी पर

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**काशीपुर।** कांग्रेस मेयर प्रत्याशी संदीप सहगल एडवोकेट के चुनाव प्रचार अभियान को आगे बढ़ाते हुए महिला कांग्रेस नेत्रियों ने वैशाली कॉलोनी एवं आसपास क्षेत्र में डोर-टू-डोर मतदाताओं से संपर्क कर काशीपुर के अभूतपूर्व विकास के लिए आगामी 23 जनवरी को कांग्रेस के पक्ष में वोट डालने का अनुरोध किया। उन्होंने मतदाताओं को कांग्रेस की जनहितकारी नीतियों से अवगत कराने के साथ ही भाजपा की जनविरोधी नीतियों से अवगत कराया। काशीपुर में कांग्रेस शासनकाल में हुए विकास कार्यों और भाजपा राज में इन विकास कार्यों के अवरुद्ध हो जाने पर प्रकाश



डाला। प्रचार कर रही महिला कांग्रेसियों की बातों से प्रभावित मतदाताओं ने उन्हें कांग्रेस के पक्ष में वोट डालने को आश्वस्त किया। जनसंपर्क के दौरान महिला कांग्रेस महानगर अध्यक्ष पूजा सिंह, कांग्रेस मेयर प्रत्याशी संदीप सहगल की पत्नी मीनू सहगल, अलका पाल, मुक्ता सिंह, इंदु मान, अजीता शर्मा, शमा कुरैशी, वंदना, आशा श्रीवास्तव, शिल्पी अग्रवाल, सोनिया कपूर, गीता टंडन, दिव्या मेहरोत्रा अनमोल, संगीता गुप्ता, रीना अग्रवाल, शालिनी व रेनू अग्रवाल तमाम कांग्रेसी महिलाएं उपस्थित रहीं।

## महिला संगठन द्वारा धूमधाम से मनाया गया नववर्ष

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** जायंट्स ग्रुप वुमेन शिखर चंदौसी द्वारा नव वर्ष बड़ी धूमधाम से मनाया गया पिज्जा किंग रेस्टोरेंट गौशाला रोड चंदौसी सभी सदस्यों ने सबसे पहले सभी लोगों को नव वर्ष की बधाई दी और गेम लकी गेम खेल गए,

ग्रुप की अध्यक्ष शालिनी शर्मा जी ने सभी सदस्यों को अवार्ड दे का सम्मानित किया वहीं पर सचिव शालिनी सक्सेना जी ने सभी को नव वर्ष क्यों मनाया जाता है उसके विषय में अपने विचार व्यक्त किया कोषाध्यक्ष रागनी सैनी ने भी सभी को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए अपने विचार व्यक्त किये सभी सदस्यों ने स्वादिष्ट स्नेक्स का आनंद



लिया उसके बाद सभी ने हाऊजी का भरपूर आनंद उठाया बाद में स्वादिष्ट भोजन के साथ सभी को नव वर्ष का कैलेंडर देखकर नव वर्ष की शुभकामनाएं दी इस मौके पर ग्रुप के सभी सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया नीतू रस्तोगी शोभा शर्मा शीनू शर्मा सुमन शर्मा रिशु गर्ग सोनिया गर्ग सुनीता शर्मा सुमन सैनी लता शर्मा रेखा दिक्षित नंदिनी अग्रवाल सीमा अग्रवाल दीक्षा शर्मा रेनू बंसल मोना शर्मा राजेश्वरी नीलम शर्मा अमित शर्मा अंजू शर्मा रचना सहगल ग्रुप की ग्रुप का संचालन फेडरेशन अफसर शिखा शर्मा ने किया।

## यातायात प्रभारी मान नहीं रख पा रहे डग्गामार वाहनों पर ध्यान



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** जनपद संभल में चौधरी सराय पुलिस चौकी के नजदीक से डग्गामार वाहनों की लाइन लगी हुई है लेकिन यातायात प्रभारी प्रमोद कुमार मान चाय की चुस्की लेते हुए यातायात पुलिस चौकी में बैठकर आनंद लेते हैं और डग्गामार वाहन धड़ले से चाहे दिल्ली जाने वाले वाहन हों या फिर बहजोई जाने वाले वाहन हो या फिर मुरादाबाद जाने वाले वाहन हो और तो और चाहे चंदौसी जाने वाले वाहन हो संभल के मुख्य चौराहे से अवैध रूप से डग्गामार वाहनों का संचालन हो रहा है और प्रमोद कुमार यातायात प्रभारी संभल के मुख्य चौराहे पर बैठकर चाय का आनंद लेते हैं लेकिन उनकी नजर आज तक जब से चार्ज संभाला हैं।

## तेंदुए से भिड़, बुजुर्ग दंपती ने बचाई अपनी जान

**देहरादून।** टनकपुर में तेंदुए से करीब एक घंटे तक संघर्ष कर बुजुर्ग दंपती ने अपनी और अपने परिवार की जान बचा ली। घायल बुजुर्ग लाल सिंह बोहरा अपनी पत्नी चंद्रा देवी दूरस्थ धूरा के चौड़ाकोट से उप जिला अस्पताल पहुंचे और अपना इलाज कराया। दंपती ने बताया कि पहली बार उनका तेंदुए से इस तरह सामना हुआ। करीब एक घंटा दहशत के बीच बिताया। संघर्ष में बुजुर्ग लाल सिंह की बांयीं आंख में चोट आई है। दूरस्थ सूखीढांग के धूरा के चौड़ाकोट गांव में बुजुर्ग लाल सिंह के घर में बृहस्पतिवार दो जनवरी को करीब 17 घंटे तक तेंदुए का राज रहा। बूम रेंजर गुलजार हुसैन ने बताया कि सुबह चार बजे से रात



नौ बजे तक तेंदुआ घर के अंदर रहा। रात नौ बजे मुख्य दरवाजे पर पिंजड़े के ऊपर लगे पट्टे को तोड़कर तेंदुआ बाहर निकला। आवाज आते ही अंदर देखा तो तेंदुआ नहीं था। इसके बाद परिजनों को अंदर जाने दिया गया। इधर, दूसरे दिन शुक्रवार को ग्रामीण नाथ सिंह अपने बुजुर्ग पिता लाल सिंह (82), मां चंद्रा देवी को वाहन से लेकर उप जिला अस्पताल पहुंचे और दोनों का इलाज कराया। अस्पताल में बुजुर्ग लाल सिंह ने आपबीती सुनाई।

उन्होंने बताया कि सुबह चार बजे जब वह शौच के लिए बाहर गए तो उनके साथ पालतू कुत्ता भी बाहर आया लेकिन जैसे से अंदर आने लगे तो कुत्ते के पीछे तेंदुआ आ गया। तेंदुए ने पहले आधा घंटे तक उन पर हमले का प्रयास किया और इधर-उधर कूदता रहा। इसके बाद वह उनकी पत्नी पर हमला करने लगा तो रजाई में खुद को लपेट लिया। करीब एक घंटे के बाद घर के ऊपरी मंजिल में गया तो तब अंदर से पुत्री नीलावती, पोती अंकिता को बाहर निकाला और मेन गेट बंद किया। उनका पुत्र नाथ सिंह घटना के समय दूसरे गांव बयाला गया था। बुजुर्ग दंपत्ति के साहस ने खुद को और पुत्री और पोती को भी बचा लिया।

बूम वन रेंज के रेंजर गुलजार हुसैन ने बताया कि सुबह चार बजे से रात नौ बजे तक तेंदुआ घर के अंदर रहा। रात नौ बजे मुख्य दरवाजे पर पिंजरे के ऊपर लगाए पट्टे को तोड़कर तेंदुआ बाहर निकला। वन कर्मी घर के अंदर घुसे और तो तेंदुआ नहीं था।

# सीडीपीओ शत प्रतिशत बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड बनवाना करे सुनिश्चित : डीएम

## जिला समन्वयक एवं ब्लॉक समन्वयकों से पोषण मिशन एवं पोषण ट्रेकर का कार्य कराएं सम्पादित

अमर भास्कर ब्यूरो

**बिजनौर।** जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पोषण समिति की बैठक आयोजित हुई। उन्होंने निर्देश दिए कि डीपीओ सभी सीडीपीओ और अपने अधीनस्थ अधिकारियों के कार्यों की मॉनिटरिंग करें और जिस स्तर पर कार्य में शिथिलता पाई जाए, संबंधित को सचेत करने की कार्यवाही करें।

उन्होंने सभी सीडीपीओ को निर्देशित करते हुए कहा कि शत प्रतिशत बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड बनवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि जिला समन्वयक एवं ब्लॉक समन्वयकों से पोषण मिशन एवं पोषण ट्रेकर का कार्य सम्पादित कराएं तथा ईकवच सहित अन्य विभागीय एप्लिकेशन्स पर फीडिंग एवं मॉनीटरिंग का कार्य भी सम्पादित कराया जाए।




पुष्टाहार का नियमित और समयबद्धता के साथ वितरण सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि पोषण से संबंधित जो भी कार्य संपादित किए जाएं उनको तत्काल निर्धारित पोर्टल पर फीड कराना सुरक्षित करें ताकि कार्य की प्रगति और जिले की रैकिंग प्रभावित न होने पाए। उन्होंने रॉकेट लर्निंग शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को अपेक्षित प्रशिक्षण उपलब्ध कराएं। उन्होंने निर्देश दिए कि लाभार्थियों को जो भी पोषण सामग्री उपलब्ध कराई जाए उसकी प्राप्ति की फोटोग्राफ एवं उनकी वीडियोग्राफी भी कराई जाए तथा वितरित की जाने वाली सामग्री की पुष्टि के लिए संबंधित ग्राम प्रधान एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के हस्ताक्षरित्र प्रमाण पत्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने बैठक में पोषण ट्रैकर पर फीडिंग (वजन फीडिंग, गृह भ्रमण, टीएचआर वितरण), पोषाहार वितरण की स्थिति, ई-कवच पोर्टल पर फीडिंग, सैम बच्चों का एनआरसी संदर्भन, वजन मशीन, स्टैडियों मीटर, इन्फेन्टो मीटर, बीएचएसएनडी का आयोजन, हाटकुकड फूड योजना की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारी को निर्गत किए। इस अवसर पर परियोजना निदेशक ज्ञानेश्वर तिवारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी सहित समस्त आईसीडीएस विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## बिरला पब्लिक कन्या इंटर कॉलेज एनएसएस इकाई ने स्वास्थ्य और स्वच्छता पर लगाया शिविर



अमर भास्कर ब्यूरो

**स्योहारा।** बिड़ला पब्लिक कन्या इंटर कॉलेज स्योहारा के राष्टीय इण्टर सेवा योजना इकाई के द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का ग्राम श्यामबाद आयोजन किया जा रहा है।

इसी क्रम में द्वितीय दिवस में स्वास्थ्य और स्वच्छता विषय पर कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रंजना शुक्ला प्रधानाचार्या बिरला पब्लिक कन्या इंटर कॉलेज तथा पर्यवेक्षक के रूप में जितेन्द्र यादव प्रधानाचार्य राजकीय हाईस्कूल नरावली में उपस्थित रहे।उन्होने सर्वप्रथम मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया। इसके पश्चात उन्होंने स्वयं सेविकाओं को आज स्वच्छता और स्वास्थ्य विषय पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने अपने लक्ष्य की ओर ब?ने जे लिये प्रेरित किया। मुख्य अतिथि विद्यालय की प्रधानाचार्या रंजना शुक्ला ने स्वयंसेविकाओं को बताया कि लोगों को एक साथ मिलकर स्वच्छता पर काम करना होगा। इस अवसर पर स्वयंसेवीकाओ ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सबको जागरूक कर कविता आदि प्रस्तुत की। इसके बाद कार्यक्रम अधिकारी संहर बानो, शिक्षिका मेघा के मार्गदर्शन ने आस पास के क्षेत्र घर-घर जाकर जनसंपर्क कर जनता को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जागरूक किया।

## एनसीसी कैडेट्स ने चलाया नशे के विरुद्ध जागरूकता अभियान

अमर भास्कर ब्यूरो

**स्योहारा।** नगर के आरएसपी कालेज के एन.सी.सी. कैडेट्स ने नशे के विरुद्ध अभियान चलाकर समाज को जागरुक किया। जानलेवा नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया।




प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के आर.एस.पी इंटर. कॉलेज में प्रधानाचार्य मधुबाला शर्मा के दिशा निर्देशन एवं एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट धीरज शर्मा के नेतृत्व में एनसीसी कैडेट्स ने नशे के प्रति जागरूकता अभियान चलाकर समाज को जागरुक किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या मधुबाला शर्मा ने कहा कि विद्यालयों के पास नशो से होने वाले दुष्प्रभावों के होर्डिंग लगाई जाए। इसके अतिरिक्त माता-पिता को भी अपने बच्चों को नशे से होने वाली हानियों से अवगत कराया जाना चाहिए। वास्तव में सार्वजनिक स्थलो का पुर्णतः नशा मुक्त होना अनिवार्य है। समय समय पर विद्यालयों में इसके लिए जागरूकता अभियान चलाए जाने चाहिए। जिन विद्यालयों में नशे के प्रति जागरूक किया जाता है वे विद्यालय अन्य विद्यालयों के लिए आदर्श बनते हैं। हमारे देश का आने वाला भविष्य इन छात्र छात्राओं से है द्य एक मेधावी छात्र नशे के चंगुल में फंसकर अपना सब कुछ खो देता है द्य हम सबको मिलकर नशे के प्रति जागरुकता अभियान चलाना चाहिए जो की आज के समय मे अति आवश्यक है। नशे को खत्म करने के प्रचार प्रसार के लिये एनसीसी कैडेट्स व स्टाफ को शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

## सराहनीयः पालिका ने बेसहारा जरूरतमंदों को बाटे कंबल

### ठिठुरती रात में खुले में सो रहे बेसहाराओं को रैन बसेरा भिजवाया, पालिका टीम को लोगो ने दी दिल दी से दुआएँ

अमर भास्कर ब्यूरो

**स्योहारा।** मौसम की पड़ रही हाड कँप कपां देने वाली ठंड को देखते हुए अधिशासी अधिकारी ने नगर पालिका परिषद द्वारा संचालित रैन बसेरे का निरिक्षण किया गया। रैन बसेरे में रुके हुए मुसाफिरों से सुविधाओं के बारे में जानकारी ली गई। उसके बाद खुले आसमान में सौ रहे बेसहारा लोगों को पालिका के रैन बसेरे में भेजा गया। वहीं असहाय लोगों को ठंड से बचाव के लिए कंबल वितरण किये।



प्राप्त जानकारी के अनुसार देर रात्रि अधिशासी अधिकारी विजेंद्र सिंह पाल ने पालिका प्रशासन द्वारा संचालित रैन बसेरे का औचक निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने रैन बसेरा हुए मुसाफिरों से पालिका द्वारा दी जा रही सुविधाओं जैसे बिस्तर, बेड खाने पीने को सामग्री की जानकारी ली। ईओ ने नव वर्ष पर अच्छी पहल करते हुए खुले में सौ रहे लोगों को पालिका की एंबुलेंस के माध्यम से पालिका रैन बसेरे में भेजा। ईओ विजेंद्र सिंह पाल ने रेलवे स्टेशन, बस स्टॉप, फुव्वारा चौक, आरएसपी तिराहे, मिल तिराहे, थाना चौराहे, नवादा चुंगी सहित अनेक स्थानों पर पहुंचा कर गरीब लोगों को कंबल वितरित किये। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि नव वर्ष के मौके पर शहर भर में घूम कर गरीब लोगों को कंबल वितरित किये गए है ताकि वह सर्दी से बच सके। हमें इंसानियत को सबसे पहले ध्यान रखना चाहिए और सभी लोगों की मदद करनी चाहिए। इस मौके पर जेई सागर, प्रधान लिपिक देवेंद्र सिंह, लिपिक मोहम्मद शान, सभासद जब्बार अंसारी, मोहम्मद असलम, जावेद अहमद आदि मौजूद रहे।

## ग्राम पंचायत जालबपुर गुदड की गौशाला को मिलेगा जिले आदर्श गौशाला का दर्जा

अमर भास्कर ब्यूरो

**नजीबाबाद ।** ग्राम पंचायत जालबपुर गूदड की गौशाला को जल्द ही आदर्श गौ शाला का दर्जा मिल जाएगा। गौ सेवा आयोग के सदस्य दीपक गोयल ने पंचायत में पहुंचकर गौशाला निरीक्षण करते हुए यह घोषणा की। सोमवार को नजीबाबाद की ग्राम पंचायत जालबपुर गूद? गौ शाला का

निरिक्षण करने पहुंचे गौ सेवा आयोग के सदस्य दीपक गोयल को गौशाला में सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त मिली। गौशाला मे पशुओं के लिए बेहतर व्यवस्थाएं मिलने पर इस गौशाला को जनपद बिजनौर की आदर्श गोशाला का दर्जा दिए जाने की घोषणा की। उन्होंने पाया पशुओ को सर्दी से बचाव के लिए प्रत्येक पशु पर झूल, चारों ओर से पाल-पछे तथा ऊपर से भी कवर कराकर पशुओं के नीचे कीमती रबड मैट डाली गई है जिससे कही भी गौवंश को ठंड ना लग पाए। गौवंश के लिए पानी, नमक चोकर, गुड आदि की बेहतर व्यवस्था देख आयोग के सदस्य दीपक गोयल अत्यन्त प्रभावित व प्रसनन हुए। उन्होने इस गौशाला को जिले की मॉडल गौ शाला बनाने की घोषणा की। ग्राम प्रधान पति हिमांशु राजपूत ने बताया कि कुछ दिनो कुछ तत्वों ने गौशाला में आकर राजनीतिक द्वेष के चलते पशुओं के मरने पर हंगामा कर ग्राम प्रधान की छवि को धूमिल करने का प्रयास किया था।

परन्तु ग्राम प्रधान की कर्मठता व लगन के चलत वे अपने मनसूबे में कामयाब नही हो सके थे। उन्होने बताया कि पंचायत में बन रहे अन्तेष्टि स्थली को रोकने वाले लोगों के ईशारे पर ऐसा किया गया।

## साहिब श्री गुरु गोविंद सिंह जी के 358 वें प्रकाश पर्व को समर्पित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंघ सभा से छठी प्रभातफेरी का हुआ आयोजन



अमर भास्कर ब्यूरो

**नूरपुर।** साहिब श्री गुरु गोविंद सिंह जी के 358 वें प्रकाश पर्व को समर्पित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंघ सभा से छठी प्रभातफेरी का आयोजन किया गया। सुबह 6 बजे गुरुद्वारा से आरंभ हुई। शुक्रवार को सुबह छः बजे गुरुद्वारा साहिब से पंथ के प्रतीक श्री निशान साहिब की अगुवाई में विशेष वाहन में विराजमान श्री गुरु गोविंद सिंह की मनमोहक झांकी के साथ प्रभातफेरी का शुभारंभ हुआ। प्रभातफेरी गुरुद्वारा श्री गुरू सिंघ सभा से आरंभ होकर गुरुद्वारा मार्केट, रोडवेज,शिव मंदिर चौक आदि निर्धारित मार्गो का भ्रमण करते हुए गुरुद्वारा साहिब पहुंचकर सम्पन्न हुई। इस दौरान संगत ने गुरवाणी का गायन करते हुए जत्थों के रूप में प्रभात फेरी में भाग लिया। खासकर नवजवानों और बच्चों ने बड़ी संख्या में इस धार्मिक आयोजन में अपनी अपनी हाजरी दी। संगत ने ऐसे गुर को बल बल रजाईये, वाहां-वाहों गुरु गोविंद सिंह, आपे गुरु चेला जैसे गुरुवाणी शब्दो से नगर को धर्ममय बना दिया। भ्रमण के दौरान श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर प्रभातफेरी का स्वागत किया। प्रभातफेरी का नेतृत्व गुरुद्वारा कमेटी के उप प्रधान रिंकु सिंह भाटिया, रोहित मुंशी, जितेंद्र सिंह विशाल आदि के अलावा संगत ने किया।

### श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के 358 वें प्रकाश उत्सव को समर्पित 18 वां गुरमत समागम आज

नूरपुर। भाई साहब संगत सिंह सेवा दल के तत्वावधान में सरवंशदानी श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के 358 वें प्रकाश उत्सव को समर्पित 18 वां गुरमत समागम शनिवार (आज) को खालसा इंटर कालेज के मैदान में आयोजित किया जा रहा है। भाई साहब भाई संगत सिंह सेवा दल के मुख्य सेवक परवेंदर सिंह ने बताया कि गुरमत समागम का शुभारंभ भव्य रुप से सुसज्जित विशाल पंडाल में श्री गुरु ग्रंथ साहिब के प्रकाश उपरांत पूर्वाह 11 बजे हजूरी रागी ज्ञानी अरवेंदर सिंह जत्थे द्वारा मधुर गुरुवाणी गान से होगा। गुरमत समागम में दिल्ली से पंथ के विद्वान रागी भाई जगजीत सिंह बबीहा (दिल्ली), बीबी प्रभलीन कौर एवं करनाल (हरियाणा) से कथावाचक भाई परगट सिंह चीमा गुरुवाणी रस से संगत को निहाल करेगें।

## चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम अहमद के प्रयासो से स्टेक्स ग्राउंड में बास्केट बॉल कोड तैय्यार

अमर भास्कर ब्यूरो

**नजीबाबाद।** अब नजीबाबाद की प्रतिभाओं को अपनी प्रतिभा निखारने के लिए इधर उधर नहीं जाना पड़ेगा। चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम अहमद के प्रयासो के चलते स्टेब्स ग्राउंड में बास्केट बॉल कोड तैयार हो गया है जहां पर युवा अपनी प्रतिभा को निखारकर नगर का नाम रौशन कर सकेंगे।



**अब नजीबाबाद की प्रतिभाओं को अपनी प्रतिभा निखारने के लिए इधर उधर नहीं पड़ेगा जाना**

नजीबाबाद के लोकप्रिय चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम अहमद ने राजकीय इंटर कालेज के क्रीड़ा स्थल स्टेब्स ग्राउंड का निरीक्षण किया। उन्होने बास्केट बॉल कोड का भी निरीक्षण करते हुए बताया कि पूर्व मे उन्होंने स्टेब्स ग्राउंड में बास्केट बॉल कोड, ओपन, जिम, फुटबॉल, बैडमिंटन कोड, क्रिकेट आदि के लिए कुछ नया करने की घोषणा की थी। अपनी घोषणा के मुताबिक क्रिकेट के लिए दो पिचे, बास्केट बॉल कोड तैयार करा दिया गया है फुटबाल के लिए पोल लग गये है जल्द ही बैडमिंटन कोड ओपन जिम भी तैयार करा दिया जाएगा। उन्होने कहा कि स्टैब्स ग्राउंड में तैयार बास्केट बॉल कोड इन्टरनेश्ल कोड की तरह से तैयार कराया गया है जहां पर युवा अपनी प्रतिभा को निखारकर आगे बढ़ने का काम करेंगें। उन्होने युवाओ से अपील करते हुए कहा कि युवा मोबाइल की दुनिया से बाहर आये अपनी सेहत का ख्याल रखें और खेलो पर ध्यान देकर नगर व देश का नाम रौशन करें। इस मौके पर मौ. जमाल, शानू सैफी, राकेश जुनेजा, इंजी. मौ. सहल, मौ. दानिश एड., मौ. हाशिम आदि मौजूद रहें।

### जल्द ही बैडमिंटन कोड ओपन जिम भी किया जाएगा तैयारः चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम

लोकप्रिय चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम अहमद ने राजकीय इंटर कालेज के क्रीड़ा स्थल स्टेब्स ग्राउंड का निरीक्षण किया। उन्होने बास्केट बॉल कोड का भी निरीक्षण करते हुए बताया कि पूर्व मे उन्होने स्टेब्स ग्राउंड में बास्केट बॉल कोड, ओपन, जिम, फुटबॉल, बैडमिंटन कोड, क्रिकेट आदि के लिए कुछ नया करने की घोषणा की थी। अपनी घोषणा के मुताबिक क्रिकेट के लिए दो पिचे, बास्केट बॉल कोड तैयार करा दिया गया है फुटबाल के लिए पोल लग गये है जल्द ही बैडमिंटन कोड ओपन जिम भी तैयार करा दिया जाएगा।

## नजीबाबाद पुलिस को मिली बडी कामयाबी दो चोर पकड़े सात बाईके बरामद

अमर भास्कर ब्यूरो

**नजीबाबाद।** जनपद बिजनौर में अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम को चलाए जा रहे हैं अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक बिजनौर के निर्देश एवं नजीबाबाद थाना प्रभारी जय भगवान सिंह के कुशल नेतृत्व में स्थानीय पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान दो शातिर अभियुक्तों को चोरी की बाईको के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पकड़े गए अभियुक्त की निशानदेही पर चोरी की सात बाईके बरामद की है।



उपनिरीक्षक सौरभ सिंह. व सौरभ कुमार हेड कांस्टेबल यशवीर मलिक, अमित कुमार, नेत्रपाल राठी. कांस्टेबल सचिन अशोक रजत के साथ वाहन चेकिंग कर रहे थे चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने रितिश कर्णवाल पुत्र विजय कर्णवाल आदर्श नगर नजीबाबाद, सर्वजीत पुत्र सुच्चा निवासी बडिया हाल निवासी ब्रह्मपुरी रावली थाना मंडावर को चोरी की बाईकों के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में अभियुकतो ने बुन्दकी मार्ग स्थित एक गन्ने के खेत से चोरी की सात बाईके बरामद कराते हुए अपने दो अन्य साथियों के नाम इरफान पुत्र अकबर, गजकला थाना कोतवाली शहर बिजनौर व गुरपेज पुत्र जीत सिंह निवासी ब्रह्मपुरी थाना मंडावर भी पुलिस को बताएं। अभियुकतो ने बताया कि हम तीन साथी बाइको को चोरी करते थे तथा गुरपेज इन चोरी की बाइको को बेचने एवं ठीकाने लगाने में मदद करता था। पुलिस के मुताबिक पकड़े गए बाइक चोर शातिर किस्म के अपराधी हैं उनके खिलाफ दर्जनों मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें बड़ी हवेली रवाना कर दिया।

# सपा जिलाध्यक्ष ने प्रतिष्ठान का फीता काटकर किया शुभारंभ





अमर भास्कर ब्यूरो

**बिजनौर।** समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन व डॉक्टर ए रहमान अहसास ने ने नवीनतम प्रतिष्ठ का फीता काटकर संयुक्त रूप से उद्घाटन किया इसके साथ ही प्रतिष्ठ के संचालकों को नवीन प्रतिष्ठान की मुबारकबाद पेश की। प्रतिष्ठान के उद्घाटन करने के मौके पर पहुंचने पर समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन वह डॉक्टर ए रहमान अहसास व उनकी पूरी टीम का फूल मालाओं के साथ शानदार इस्तकबाल किया गया। बताते चलें कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने समाजवादी पार्टी का जिला अध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन को बनाते हुए उम्मीद जाहिर की थी कि वह सर्व समाज के लोगों का दुख दर्द समझकर समाजवादी पार्टी की नीतियों को आगे बढ़ने का काम करेंगे। जिसको ध्यान में रखते हुए समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन व डॉक्टर ए रहमान अहसास जनपद बिजनौर में समाजवादी पार्टी को लगातार मजबूत करने पर लगे हुए हैं साथ ही लोगों के सुख-दुख विवाह आदि समारोह में शामिल होकर पार्टी का विस्तार कर रहे हैं। समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ने कहा कि समाजवादी पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जिसमें सर्व समाज के लोगों को बराबर सम्मान मिलता है जबकि अन्य पार्टियों में धर्म व जाति की राजनीति होती है।

### जनता के सुख दुख में बराबर शामिल हो रहे हैं नवनियुक्त जिला अध्यक्ष शेख जाकिर

## विजन कॉलेज में हुआ नव वर्ष कार्यक्रम का आयोजन

**नजीबाबाद।** नववर्ष के अवसर पर विजन कॉलेज नजीबाबाद में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम गीत, नृत्य कर एक दूसरे को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। आयोजित कार्यक्रम में छात्र छात्राओं, अध्यापकगण, समस्त स्टाफ एवं कॉलेज निदेशक ने एक दूसरे को नववर्ष की शुभकानाएं दी। इस अवसर पर कालेज के निदेशक डॉ मौ. अय्यूब ने ने कहाकि कनव वर्ष 2025 सभी के लिए सुख समृद्धि स्वास्थ्य एंव उज्जवल भविष्य का का प्रतीक हो ऐसी उनकी कामना करते हुए आने वाले साल में कॉलेज में होने वाले क्रियाकलापों की योजनाओं पर चर्चा की। कार्यक्रम में गुफरान काजी, अर्जुन सिंह, जॉन कुमार, मौ. शारिक, कु. सानिया, मुज्जमिल, जावेद हमीद, निकिता, सुशील आदि ने भाग लेते हुए सभी को नववर्ष की शुभकानाएं दी।

## क्षमा याचना के बाद किसानो का धरना हुआ समाप्त

**नजीबाबाद।** आदर्श नगर बिजली घर पर भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत का तीन दिनो चल रहा धरना अभद्रता करने वाले एसडीओ द्वारा क्षमा याचना करने के बाद समाप्त कर दिया गया। धरना तीसरे दिन उपखंड आदर्श नगर एसडीओ धर्मेद्र कुमार प्रथम ने किसानों के बीच पहुंचकर क्षमा याचना की। एसडीओ द्वारा किसान नेता का फोन ना उठाने तथा उनसे अभद्र व्यवहार किये जाने को लेकर किसान तीन दिन से धरने पर बैठे थे। आखिर एसडीओ धर्मेद्र कुमार ने किसानों के बीच आकर अपनी गलती को स्वीकार कर भविष्य में इस तरह की पुर्नावृत्ति ना किये जाने तथा उपभोक्ताओं की समस्या को सुन उनका समाधान करने की बात कही जिस पर धरना समाप्त करने की घोषणा कर दी गई। जिला प्रभारी राजवीर सिंह की अध्यक्षता व जितेंद्र हुड्डा के संचालन में चल रहे धरने पर बड़ी संख्या मे किसान मौजूद रहें।